आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 294 -● जबलपुर ● सोमवार, 28 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अगहन मास शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## बदला लेने पड़ोसी की बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या शव जंगल में फेंका



**सतना, यशभारत।** सतना जिले में फिर एक सनसनीखेज मामला सामने आया जहां पड़ोसी से बदला लेने के लिए एक युवक ने सात साल की मासूम को अगवा कर लिया और जंगल ले जाकर करने के बाद गला घोट कर हत्या कर दी। मासूम का दस दिन बाद जंगल मे कंकाल मिला। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरी घटना सभापुर थाना क्षेत्र के नयागांव की है। सात साल की बच्ची 17 नवंबर से लापता थी। जिसका कंकाल बुंदेला पुरवा के जंगल में मिला। सतना जिले के नयागांव से 17 नवम्बर को साथ साल की मासूम लापता हो गई थी। परिजनों ने सभापुर थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई और परिजनों के साथ पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी रही। पुलिस ने बच्ची के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश कर रही थी। शक के आधार पर पुलिस ने बच्ची के पड़ोसी राजेश रजक को हिरासत में लिया। मोबाइल काल रिकार्ड के आधार पर पुलिस ने राजेश से पूछताछ शुरू की। राजेश गोल-मोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। सख्ती बरतने पर राजेश ने पूरा हाल बयां किया और फिर उसने जो बताया उससे सभी के होश फाख्ता हो गए। राजेश ने बच्ची का दुराचार और हत्या बदला लेने की नीयत से किया था।

# दिल्ली में श्रद्धा जैसा मर्डर, पति के 22 टुकड़े किए

## फ्रिज में रखा, बेटे के साथ फेंकने जाती थी...6 महीने पहले की हत्या



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पांडव नगर में सोमवार को श्रद्धा मर्डर जैसा एक और केस सामने आया। एक महिला ने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। उसके 22 टुकड़े कर फ्रिज में रखे। रात के वक्त मां और बेटा टुकड़े फेंकने जाते थे। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। न्यूज एजेंसी ने सोमवार को इस घटना के सीसीटीवी फुटेज जारी किए हैं। हत्या करीब 6 महीने पहले जून में की गई थी। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।एजेंसी ने जो सीसीटीवी फुटेज जारी किया, वो 1 जून 2022 का है। फुटेज में रात करीब 12.44 पर दीपक हाथ में एक बैग लेकर जाता दिखाई दे रहा है। उसके पीछे मां पूनम भी दिखाई दे रही है। पुलिस ने कहा कि ये उन ट्रिप्स में से एक की फुटेज हैं, जिनमें वो टुकड़े फेंकने के लिए रात में जाते थे। दिन की भी एक फुटेज सामने आई है, पुलिस का कहना है कि इसमें वे टुकड़े फेंकने के लिए जगह की तलाश करने निकले थे। पुलिस को बॉडी पार्ट्स 5 जून को दिल्ली के पांडव नगर इलाके में पेट्रोलिंग करने के दौरान मिले थे। ये बुरी तरह सड़ चुके थे और इस वजह से इनकी पहचान मुश्किल हो गई थी। इसी बीच श्रद्धा मर्डर केस से जुड़ी जानकारियां सामने आने लगीं और पुलिस ने इस मामले को उससे जोड़कर जांच शुरू कर दी। अब पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि बॉडी अंजन दास की है, जो त्रिलोकपुरी में रहते थे, हत्या भी वहीं की गई।पुलिस ने बताया कि पूनम ने अपने बेटे दीपक के साथ मिलकर अंजन की हत्या कर दी। पूनम को शक था कि अंजन के अवैध संबंध हैं। सबसे पहले महिला ने अपने पति को नींद की गोलियां दीं और उसके बाद हत्या कर दी। इसके बाद बेटे के साथ मिलकर बॉडी के टुकड़े किए और उन्हें फ्रिज में रख दिया। इसके बाद पांडव नगर और आसपास के इलाकों में कई चक्कर लगाकर टुकड़े फेंक दिए।

## 2 साल की बेटी को सीने से दबाकर मार डाला

बेंगलुरु, एजेंसी। बेंगलुरु में एक टेक्नीशियन ने अपनी 2 साल की बच्ची की हत्या कर दी। उसने पुलिस को बताया कि उसके पास बच्ची को खाना खिलाने के पैसे नहीं थे। बच्ची की जान लेने के बाद उसने आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन बच गया।घटना 15 नवंबर की है। बच्ची की डेड बॉडी 16 नवंबर को कोलार के केनदत्ती गांव की झील में मिली।इस झील के किनारे पुलिस को एक नीले रंग की कार भी मिली। इसे देखकर गांव के लोगों ने कोलार पुलिस को सूचना दी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने पिता की तलाश शुरू की, जिसके बाद 16 नवंबर को बेंगलुरु रेलवे स्टेशन से आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया। मामले का खुलासा अब हुआ है।आरोपी की पहचान 45 साल के राहुल परमार के नाम से हुई है। वह गुजरात का रहने वाला है और दो साल पहले अपनी पत्नी भव्या के साथ बेंगलुरु शिफ्ट हुआ था।

## बिहार में मोबाइल टावर की चोरी



### चोरों ने जमीन मालिक से कहा- घाटा हो रहा है, 3 दिन में खोल ले गए

**पटना ,एजेंसी।** बिहार में लोहे के पुल और रेल इंजन के बाद अब मोबाइल टावर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना राजधानी पटना की है। चोरों ने जमीन मालिक से कहा कि कंपनी बंद हो गई है, इसलिए टावर हटा रहे हैं। इसके बाद चोर 3 दिन में सरेआम टावर का एक-एक हिस्सा खोलकर ले गए। मोबाइल टावर GTPL कंपनी का है, जो पटना के गर्दनीबाग इलाके में लगा हुआ था। चोर यहां कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी बनकर आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोर लगातार तीन दिन तक जिस रास्ते से टावर का एक-एक हिस्सा लेकर जा रहे थे, वहां से हम रोज गुजरते थे। हमें लगा वे कंपनी के लोग हैं, इसलिए कभी किसी ने टोका तक नहीं। अब पता चला कि वह चोर थे। गर्दनीबाग में ललन सिंह की जमीन पर टावर लगा था। उनके पड़ोसी मनोज सिंह ने बताया कि चोरों ने कंपनी बंद होने का हवाला देकर टावर हटाने की बात कही थी। इसके बाद ललन सिंह को भी लगा कि उनकी जमीन खाली हो जाएगी। वो भी टावर हटाने पर सहमत हो गए। इसके बाद 10 चोर लगातार 3 दिन तक 50 मीटर का टावर गैस कटर से काटकर टुकड़ों-टुकड़ों में पिकअप वैन पर समेट ले गए।

## कांग्रेस की यात्रा में युवकों ने लगाए मोदी-मोदी के नारे

### राहुल बोले- बुलाओ उन्हें तो भाग गए



**इंदौर, यशभारत।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को बड़ा गणपति चौराहे से शुरू हुई। सांवेर रोड मॉडर्न चौराहे के पास यात्रा में 2 युवकों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। राहुल गांधी रुके और कहा- बुलाओ उन्हें। तब तक दोनों युवक भाग चुके थे। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक बड़ा गणपति से यात्रा जिंसी चौराहा से किला मैदान होते हुए मरीमाता चौराहे पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा विधायक संजय शुक्ला के घर के सामने से होते हुए बाणगंगा से होते लवकुश चौराहा जाएगी। लवकुश चौराहे से अरविंदो हॉस्पिटल होते हुए चौराहे से आगे विधायक संजय शुक्ला के फॉर्म हाउस पर लंच ब्रेक के लिए रुकेगी। राहुल गांधी रेवती रेंज पर पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों से मिले।यात्रा ने रास्ते में होटल मेरी मर्जी पर टी ब्रेक लिया।

#### इंदौर के राजबाड़ा में सभा

एमपी की आर्थिक राजधानी माने जाने वाले इंदौर में राहुल गांधी का फोकस व्यापारियों और उनसे जुड़े मुद्दों पर रहा। उन्होंने राजबाड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर से नोटबंदी और जीएसटी के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम चाइना की सेना नहीं कर सकती है, वो काम इन दोनों पॉलिसियों कर दिया है।

## चीन में सख्त लॉकडाउन के खिलाफ लोग सड़कों पर

### 9 शहरों में प्रदर्शन; जिनपिंग गद्दी छोड़ो चीन को अनलॉक करो के नारे लगे



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में जीरो कोविड पॉलिसी के खिलाफ लोग सड़क पर उतर आए हैं। बीजिंग से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब 9 बड़े शहरों तक पहुंच गए हैं। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठी चार्ज से लेकर लोगों को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन लोगों का गुस्सा खत्म नहीं हो रहा है। रविवार की रातभर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान लोग नारेबाजी करते हुए लॉकडाउन हटाने और आजादी देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा- हमें फ्रीडम ऑफ प्रेस, फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, फ्रीडम ऑफ मूवमेंट चाहिए। हमें हमारी आजादी दे दो। लोग राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस्तीफा मांग भी कर रहे हैं। चीन में लगातार कोरोना बढ़ रहा है। 27 नवंबर को कोरोना के 40 हजार मामले सामने आए हैं। ये अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। चीन में अब एक्टिव केस का आंकड़ा 3 लाख के पार हो गया है। इसके चलते शी जिनपिंग सरकार ने कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं।

### भोपाल में पहली बार बने तीन ग्रीन कॉरिडोर

## एक्सीडेंट में ब्रेन डेड 23 साल के युवक का दिल अहमदाबाद भेजा



**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल में आज एक साथ तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। 23 साल के युवक के अंगों से पांच लोगों को नया जीवन मिलेगा। युवक का दिल अहमदाबाद में धड़केगा। किडनी और दूसरे ऑर्गन भोपाल, इंदौर, हैदराबाद के मरीजों को दिए जाएंगे। पुलिस अफसरों की मौजूदगी में सुबह 9 बजे युवक के अंगों को रवाना किया गया। सोहागपुर के रहने वाले अनमोल जैन का 17 सितंबर को एक्सीडेंट हो गया था। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। अनमोल के भाई गौरव जैन ने बताया कि पूरे परिवार ने फैसला किया कि अगर किसी को नई जिंदगी मिले, तो इससे बेहतर क्या हो सकता है। अस्पताल के डॉक्टरों के साथ चर्चा के बाद परिवार ने सहमति जताई। अस्पताल प्रबंधन ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट कमेटी से संपर्क कर अंगदान की प्रक्रिया पूरी की। सुबह 9.40 बजे पहली एंबुलेंस एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई।दूसरी एंबुलेंस 10.3 बजे इंदौर के लिए रवाना हुई।

#### भोपाल के चिरायु हॉस्पिटल भेजी किडनी

डॉक्टरों की टीम ने अनुमति मिलने के बाद अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू की। अनमोल की किडनी भोपाल में ही मरीज को दी जाएगी। किडनी प्रत्यारोपण चिरायु मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। लिवर इंदौर के एक मरीज को दिया जाएगा। आंख और त्वचा को हमीदिया अस्पताल को दिया गया है।अनमोल के परिजन लंग्स भी दान करना चाहते थे। अंगदान समिति ने इसके लिए राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) से संपर्क किया। देर रात तक इसके लिए कोई रिसीवर नहीं मिल सका था। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही कोई रिसीवर मिलेगा, लंग्स को प्राइवेट प्लेन से मरीज के पास भेज दिया जाएगा।

#### पहली बार तीन कॉरिडोर

अंगों को सुरक्षित मरीजों को पहुंचाने के लिए सुबह सात बजे पहला ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अनमोल के दिल को सिद्धांता अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया गया। यहां से दिल विशेष प्लेन से अहमदाबाद भेजा जाएगा। दूसरा कॉरिडोर सिद्धांता अस्पताल से चिरायु अस्पताल के बीच बनाया गया, जिससे किडनी पहुंचाई गई।आखिरी कॉरिडोर से लिवर को सिद्धांता अस्पताल से इंदौर ले जाया जाया गया है।

## धर्मांतरण पर सुको में अहम सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में आज अहम सुनवाई होगी। आज केंद्र सरकार अपना पक्ष रखते हुए हलफनामा पेश कर सकती है। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने 14 नवंबर को इस मामले में पिछली सुनवाई की थी। तब सर्वोच्च ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था और 22 नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि छल-बल और लोभ-लालच से कराए जाने वाला धर्मांतरण (मतातंरण) बेहद गंभीर है। अगर इसे नहीं रोका गया तो स्थिति मुश्किल हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह सुनवाई हो रही है। याचिका में धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाए जाने की मांग की गई है।

## महबूबा को 24 घंटे का अल्टीमेटम




**श्रीनगर, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी चीफ महबूबा मुफ्ती को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 24 घंटे में सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। यह बंगला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की हाउसिंग कॉलोनी खानाबल में क्वार्टर नंबर सात है। डिप्टी कमिश्नर अनंतनाग के भेजे गए नोटिस में कहा गया है, आपको 24 घंटे के भीतर सरकारी क्वॉर्टर को खाली करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 20 अक्टूबर को को भी उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया था।

## मुंबई एयरपोर्ट से 40 करोड़ की हेरोइन पकड़ाई

**मुंबई, ईएमएस।** मुंबई एयरपोर्ट पर 8 किलो हेरोइन पकड़ी गई है। डीआरआई कस्टम्स के मुताबिक, रविवार को अधिकारियों ने 40 करोड़ रुपए के ड्रग्स के साथ दो विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि दो यात्री ड्रग्स की तस्करी के लिए मुंबई आने वाले हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने जाल बिछाया और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।




# केरल के थाने में हमला, 36 पुलिसकर्मी घायल

## अडाणी पोर्ट बनने का हो रहा विरोध; 5 लोगों की हिरासत के बाद प्रदर्शनकारियों ने हमला किया



**तिरुवनंतपुरम, ईएमएस।** केरल में अडाणी पोर्ट के निर्माण के खिलाफ हो रहा विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले लिया है। प्रदर्शकारियों ने विझिंजम थाने पर रविवार की रात हमला कर दिया है। इसमें 36 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दरअसल, विझिंजम में लोग अडाणी पोर्ट नहीं बनने देना चाहते। इसके विरोध में 120 दिनों से प्रोटेस्ट कर रहे हैं। रविवार को पुलिस ने 5 लोगों को अरेस्ट कर लिया। इसी के बाद गुस्साए लोगों ने थाने में हमला कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भीड़ इतना ज्यादा गुस्से में थी कि लाठी और पत्थरों से पुलिसकर्मियों पर हमला किया। पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी। इससे पुलिस की 4 जीप, 2 वैन और 20 मोटरसाइकिलों क्षतिग्रस्त हो गईं। थाने में फर्नीचर और जरुरी दस्तावेजों को भी नष्ट कर दिया गया है।थाने में हमले के बाद इलाके में तनावपूर्ण स्थिति है। विभाग ने क्षेत्र में 200 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

विझिंजम में लोग अडानी पोर्ट निर्माण को रोकने और तटीय कटाव का अध्ययन करने की मांग कर रहे हैं। इनमें स्थानीय निवासी, मछुआरे और लैटिन कैथोलिक सूबा के सदस्य शामिल हैं। 120 दिनों से चल रहे प्रोटेस्ट में बीच-बीच हिंसा भी हुई। इसी को लेकर विझिंजम पुलिस ने रविवार को ही लैटिन आर्क बिशप थॉमस जे नेट्टो और अन्य पादरियों सहित 50 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। स्नद्धक्र में साजिश रचने और हिंसा में शामिल होने की बात कही गई है। इसी के बाद पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया और हिंसा भड़क गई।





# आज गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर गूंज रहे गुरुवाणी, शबद कीर्तन

जबलपुर, यशभारत। भारतीय संस्कृति, हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान की रक्षार्थ महान बलिदान देने वाले सिख धर्म के नवमें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस आज गुरुद्वारा प्रेमनगर मदन महल प्रांगण में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। यहां विश्वविख्यात रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह तान अमेरिका एवं साथीगण गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं प्रवचन हो रहे हैं। इसके पूर्व विद्वान गुरुवाणी मीमांसा ज्ञानी हरिंदर सिंह अलवर राजस्थान कथा प्रवाह चलाएंगे तथा रागी जत्था भाई दविंदर सिंह अमृतसर, भाई प्रगट सिंह गुरदासपुर पंजाब सिख नारी मंच जबलपुर, बीवी मौसमी नंदी एवं साथी शब्द कीर्तन किया। गुरु का लंगर दिन चल रहा है। रात्रि कालीन कीर्तन दीवान यहां बाबा हरजीत सिंह खालसा द्वारा पाठ श्री रहिरास साहिब जी के साथ सायं 7꞉30 बजे आरंभ होगा जो कि अर्द्ध रात्रि 12꞉00 बजे तक चलेगा। प्रधान गजेंद्र सिंह बांगा, सचिव मनमोहन सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह दुआ, महेंद्र सिंह खनूजा अमरजीत सिंह तलूजा, मनप्रीत से आहूजा एवं आयोजन समिति ने साध संगत एवं धर्म प्राण नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है। गुरुद्वारा ग्वारीघाट में श्री अमरजीत सिंह तान का कीर्तन के दौरान समिति द्वारा भावभीना अभिनंदन किया गया। रागी जी से मिलने लोगों का तांता लगा रहा।

# बिजली संबंधी शिकायतों के लिए 1912 पर करें कॉल

**जबलपुर, यशभारत।** विद्युत वितरण केन्द्र में बिजली बिल संबंधी तथा अन्य शिकायतों के निराकरण में आ रही परेशानियों को देखते हुए कंपनी द्वारा उपभोक्ता की शिकायत के निवारण की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों का व्यवस्थित लेखा-जोखा, वास्तविक स्थिति एवं अधिक राशि के बिल सुधार में आने वाली अनावश्यक परेशानी से उपभोक्ताओं को बचाने की दृष्टि से कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज कर, शिकायत नंबर अवश्य प्राप्त करें। कॉल सेन्टर 1912 पर शिकायत दर्ज करने में किसी प्रकार दिक्कत आती है, तो उनकी सुविधा के लिए प्रत्येक जोन/वितरण केन्द्र में पृथक-पृथक संपर्क आईडी बनाई गई हैं। जोन/वितरण केन्द्र में कार्यरत बिजली कार्मिक संपर्क आईडी का उपयोग कर आई-संपर्क पोर्टल पर लॉगइन कर उपभोक्ता की शिकायतों की प्रविष्टि करेंगे। जोन/वितरण केन्द्र के कार्यालय सहायक/सहायक प्रबंधक/प्रबंधक द्वारा बिल का सुधार अंकित किया जाएगा और संभागीय कार्यालय के उपमहाप्रबंधक (शहर/संचारण-संधारण) द्वारा जॉच कर अनुशंसा के साथ महाप्रबंधक (शहर/संचारण-संधारण) को भेजा जाएगा। जॉच एवं अनुशंसा को देखते हुए महाप्रबंधक (शहर/संचारण-संधारण) द्वारा बिजली बिल के सुधार हेतु अनुमति दी जाएगी। शिकायत निवारण की पूरी प्रक्रिया के लिए प्रत्येक स्तर पर 07 दिवस की समय-सीमा निर्धारित है। उपभोक्ताओं की संतुष्टि में वृद्धि होगी।



जोन/वितरण केन्द्र में उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई न होना, अनावश्यक परेशान करने संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। उपभोक्ता शिकायतों का व्यवस्थित लेखाजोखा रखे जाने से अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध होगी। प्रक्रिया ऑनलाइन होने से निर्धारित समयसीमा के भीतर शिकायत हल होगी।

## लोकसेवा गारंटी में राजस्व विभाग की एक और योजना शामिल

**जबलपुर, यशभारत।** राजस्व विभाग की भूमि का नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र जारी करने संबंधी सेवा को लोक सेवा गारंटी योजना में शामिल किया गया है। अब किसानों एवं आम जनता को एक दिन में भूमि का नो-डयूज प्रमाण-पत्र तहसीलदार द्वारा अनिवार्य रूप से जारी करना होगा। यदि तहसीलदार द्वारा नियत अवधि में भूमि का नो-ड्यूज प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाता है तो इसकी प्रथम अपील अनुविभागीय अधिकारी एवं द्वितीय अपील संबंधित जिला कलेक्टर को करना होगी। इसके बाद उन्हें नो-ड्यूज प्रमाण प्राप्त हो सकेगा।



# संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. फा. जी. वलन अरासु के निर्देशन में व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिलाषा शुक्ला के संयोजन में किया गया। मुख्य वक्ता चन्द्रमोहन तिवारी (अधिवक्ता उच्चन्यालय) में कहा कि हमारा संविधान धर्म निरपेक्ष नहीं बल्कि पंथ निरपेक्ष है हमें अपने दिये हुए अधिकारों के प्रति सर्तक रहना चाहिए। संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से व राजनीतिशास्त्र राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रश्नमंच भाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दी। कार्यक्रम का सफल बनाने डॉ. विश्वास पटेल, डॉ. तुहिना जौहरी, सुश्री भावना तेकाम व नेहरू युवा केन्द्र से अतुल पाण्डेय कविता ठाकुर व ख्यालीलाल का सहयोग प्राप्त हुआ, छात्राओं में मुस्कान, सौम्या

# उत्तरी सर्द हवाओं के कारण ठंडक का अहसास बढ़ने

**जबलपुर, यशभारत।** उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाएं लोगों को सिहराने लगी है। दो किमी प्रतिघंटे की गति से चली उत्तरी ठंडी हवाओं के कारण ठंडक का अहसास बढ़ने लगा। मौसम का मिजाज ऐसा है कि तापमान में मामूली घट-बढ़ का दौर जारी रहने के बावजूद वातावरण में ठंडक बरकार है। पिछले करीब एक सप्ताह से तापमान में मामूली रूप से घट-बढ़ का सिलसिला जारी है। दिन का अधिकतम तापमान जहां 26-27 डिग्री के आस-पास बना हुआ है वहीं रात का न्यूनतम तापमान पिछले एक सप्ताह से नौ डिग्री के इर्द-गिर्द बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं से तापमान 8से9 डिग्री के आस-पास बना रहेगा। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं गत वर्ष की बात करें तो अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री और न्यूनतम 12.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मध्यप्रदेश में गर्मी और बारिश के बाद अब ठंड का



पैटर्न भी बदलने लगा है। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन को मान रहे हैं। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में मानसून की विदाई हुई। 10 साल में यह तीसरी सबसे लेट विदाई हुई। मानसून के जाते ही मौसम एकदम शुष्क हो गया। हिमालय में बर्फबारी और पाकिस्तान से एक के बाद एक हवाएं (वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स) आने के कारण अक्टूबर में ठंड महसूस हुई, लेकिन उसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा। पहले और दूसरे सप्ताह में न्यूनतम तापमान 15 से 20 डिग्री के बीच



# विधायक श्री रोहाणी ने 26 दिव्यांगों को वितरित किये नि :शक्तता प्रमाण-पत्र

**जबलपुर, यशभारत।** कैंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सेवा केंद्र रांझी में आयोजित किये गये इस शिविर में 26 दिव्यांगों की स्थल पर जांच की गई तथा विधायक श्री रोहाणी द्वारा उन्हें निऱ्शक्तता प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकूज विज, पार्षद दामोदर सोनी, श्री अनुराग दहिया, निशान झारिया, संतोषी ठाकुर तथा डॉक्टर संजय जैन, डॉ रुमिता आचार्य, डॉक्टर इनु कुलकर्णी, डॉ अनिल सोंधिया, डॉ उषा दत्त, डॉ. रवि सोनी, डॉ. विद्यारतन वरकडे, डॉ रिया हरचंदानी ने अपनी सेवाएं दी तथा सुधीर बैन बंटी, मनमोहन खुल्बे, महेंद्र श्रीवास्तव, पवन डसवाल, मुन्नी पटेल आदि उपस्थित थे।

# हाई कोर्ट ने पूछा- राज्य में कुल कितने तालाब अस्तित्व में

**संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे**

**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश शासन को यह स्पष्ट करने कहा है कि वर्तमान में राज्य में कुल कितने तालाब अस्तित्व में हैं और उनके संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने साफ किया कि यह जानकारी इसलिए आवश्यक है, ताकि तालाबों की नैसर्गिक संरचना कायम रखे जाने के संदर्भ में समुचित दिशा-निर्देश जारी किए जा सकें। राज्य में तालाबों पर अतिक्रमणों के विरुद्ध निरंतर शिकायतें व याचिकाएं प्रस्तुत होती रहती हैं। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि तालाबों का मूल प्रयोजन से इतर किन उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिए उपयोग किया जा रहा है। लिहाजा, राज्य शासन की ओर से इस सिलसिले में तथ्यात्मक जानकारी पेश की जाए। अगली सुनवाई जनवरी के तीसरे सप्ताह में होगी। माढ़ोताल को सुखाने की साजिश से जुड़ा मामला ꞉ यह मामला जबलपुर के माढ़ोताल में अतिक्रमण, अवैध कब्जे और उसे सुखाने की साजिश के उजागर होने से जुड़ा है। इस सिलसिले में समाचार-पत्रों में समय-समय पर प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेकर हाई कोर्ट ने स्वत꞉ संज्ञान के आधार पर जनहित याचिका की सुनवाई शुरू की है। इस जनहित याचिका का दायर स्थानीय से प्रादेशित करते हुए प्रदेश के सभी तालाबों की जानकारी मांग ली है। स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी ꞉ हाई कोर्ट के पूर्व नोटिस के जवाब में राज्य शासन की ओर से अवगत कराया गया कि माढ़ोताल के अतिक्रमण हटाने और उसका संरक्षण करने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शीघ्र ही यह काम पूरा कर लिया जाएगा। यह जवाब अभिलेख पर लेकर हाई कोर्ट ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत कर यह स्पष्ट बताएं कि अतिक्रमण हहटाए गए हैं या नहीं।

## भगवान गोवर्धन जी महाराज वृंदावन ,कामाख्या देवी को चुनरी अर्पित की जाएगी

**जबलपुर, यशभारत।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में सरस्वती घाट लामेटा घाट का पुल शीघ्र बनकर 27 नवंबर 2023 कार्तिक पूर्णिमा तक तैयार हो जाए उसी मनोकामना लेकर शहर से एक जत्था भगवान गोवर्धन जी महाराज वृंदावन एवं कामाख्या देवी गुवाहाटी के लिए कन्याओं द्वारा हाथ से तैयार की गई चुनरी लेकर आज नर्मदा महाआरती के संस्थापक पंचकोशी संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल रवाना होंगे। वहां पर भगवान का भोग लगाकर चुनरी अर्पित की जाएगी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट जबलपुर के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में कार्यक्रम होगा समिति के सदस्यों ने मान्यता ली थी पुल का काम चालू होने के बाद गोवर्धन महाराज जी कामाख्या देवी को चुनरी अर्पित की जाएगी दूसरे चरण में कामता नाथ जी चित्रकूट बालाजी सरकार राजस्थान मनोकामना पूर्ण होने पर चुनरी भोग अर्पित किया जाएगा

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर से हुए लाभान्वित

**जबलपुर, यशभारत।** श्री रामभक्तहनुमान बाग सेवा समिति, गढ़ा द्वारा रविवार को जनसामान्य के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन हनुमानबाग धाम मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। चिकित्सकों एवं उनके सहयोगी स्टाफ का समिति द्वारा स्वागत करने के उपरांत शिविर प्रारंभ हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने अपनी बीमारियों से संबंधित परामर्श चिकित्सकों से प्राप्त किया एवं निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। निशुल्क शिविर में ईसीजी, मधुमेह, हृदयरोग, हड्डी एवं जोड़, शिशु रोग, महिलाओं से संबंधित रोग एवं नेत्र रोग संबंधी निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयों का वितरण किया गया। निशुल्क शिविर का आयोजन नेशनल हॉस्पिटल, गोल बाजार जबलपुर एवं अनुश्री नेत्र चिकित्सालय जबलपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में नेशनल हॉस्पिटल गोल बाजार के संचालक श्री हिमांशु तिवारी, अनुश्री नेत्र चिकित्सालय के डॉ अभिजीत विश्नोई का



विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में मरीजों की जांच एवं परामर्श डॉ. अरविंद विश्वकर्मा, डॉ जाकिर हुसैन डॉ. आशा नामदेव, डॉ. जितेंद्र पांडे एवं डॉ. गार्गी तिवारी ने मरीजों की जांच कर परामर्श प्रदान किया। हनुमान धाम के संस्थापक एवं संरक्षक धर्म विभूषण पंडित बृजेश मिश्रा महाराज जी ने अपने उद्बोधन में चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के प्रति बहुत कृतज्ञता ज्ञापित की एवं उनके समर्पित कर्तव्य के लिए उन्हें बधाई एवं शुभाशीष प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में समिति केसंरक्षक एवं संस्थापक पं. ब्रजेश मिश्रा, डॉ आशीष मिश्रा, सुधीर चौरसिया, अभय पचोरी, नीरज सोनी, मुकेश मिश्रा, आशू सेठी, कपिल विश्वकर्मा, नवीन सोनी, अवधेश पचौरी, दीपक उपाध्याय, सुरेंद्र केवट, अभिषेक शुक्ला, अजय पाठक, रवि सेन आदि का सहयोग रहा। संचालन डॉ. आशीष मिश्रा ने किया एवं आभार प्रदर्शन आशु सेठी ने किया।

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन आज से

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में आज कई धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा। हमारी आपको सलाह है कि आप कार्यक्रमों में उमंग और उत्साह के साथ शामिल हों, लेकिन सावधानी भी रखें। अगर आपने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है तो जल्द लगवाएं घर से निकलें तो सावधानी जरूर रखें और कोरोना गाइड लाइन का पालन करें, क्योंकि जीवन की सुरक्षा भी जरूरी है। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी आज से शुरू हो रहा है। धान उपार्जन के लिए जिले में 111 खरीदी केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें से 101 केन्द्रों पर सोमवार से खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर के अनुसार जिले में धान उपार्जन का कार्य विपणन संघ के माध्यम से किया जाएगा। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटा, बारदाना, ग्रेडर के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

## कर्मचारी जगत

# अंधेरे में स्कूल, सरकारी आदेश को ठेंगा

## अफसर सरकार को देते है गलत जानकारी

**जबलपुर, यश भारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने अफसरों पर सरकार को गलत जानकारी देने का आरोप लगाया है, अनेक स्कूलों में बिजली, पीने के पानी के नल, बाथ रूम, लैट्रिन नहीं है लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी शासकीय शालाओं में सभी सुविधाएं होने की जानकारी वरिष्ठ कार्यालयों में भेज रहे है। कुछ ग्रामीणों के स्कूलों में कच्चे बाथ रूम है, जिसकी सफाई होती ही नहीं है। प्रबंधकों द्वारा सफाई कर्मी ना होने का रोना रोया जाता है, बजट का बहाना बना कर पल्ला झाड़ लेते है, स्कूलों में बिजली व्यवस्था के स्पष्ट शासन के निर्देश है, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी के निकम्मे पन के कारण शासन के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है, शाला विकास समिति के सदस्यों से कहा जाता है की आप अपने नाम पर बिजली मीटर लगवाओ बिजली बिल के डर से वह मीटर ही नही लगवाते है, शिक्षक भी अपने आप को बिजली मीटर के पचड़े में नहीं डालते, आज ग्रामीण क्षेत्र ही नही शहरी क्षेत्र के अनेक स्कूलों में बिजली के मीटर नहीं लगाए गए है। स्कूलों में चुनाव के समय किराए या डायरेक्ट बिजली लगाकर मतदान करवाए जाते है। बिजली ना होने से जहां गर्मी में कूलर पंखे नही चल पाते वही शीतऋतु में भर ठंड में बच्चो और शिक्षकों को अध्ययन करवाना और करना पड़ता है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, विष्वदीप पटेरिया, नरेश शुक्ला, संतोष मिश्रा, संजय गुजराल, देव दोनेरिया, प्रशांत सोधिया, धीरेंद्र सिंह, मुकेश मरकाम, यू एस करोसिया, प्रदीप पटेल, योगेंद्र मिश्रा, सतीश उपाध्याय, अजय दुबे, रवि बांगड़, पी एल गौतम, विनय नामदेव, दुर्गेश पाण्डे, संदीप नेमा, मनीष लोहिया ने सरकारी स्कूलों की गलत जानकारी देने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हुए दोषी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को निलंबित करने की माँग की है।

### एक ही मद से वेतन दिया जाये और कटोतियां की जाएं

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन ने मांग की है कि एकही मद से वेतन दिया जाये और कटोतियां की जाएं। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने कहा कि शासकीय महाविद्यालयों में वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2016 तक जितने भी दैनिक वेतन भोगी श्रमिक कार्यरत हैं। उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र स्थायी कर्मी के आदेश प्रसारित कर दिया जाना चाहिए। शासकीय महाविद्यालयों द्वारा जिन कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारी का आदेश दे दिया गया है, उन्हें जिस मद से कर्मचारी श्वक्क्र/हक्क्र/श्वस्द्धष्ट कटौती की जा रही है उसी मद से स्थायी कर्मियों का वेतन भुगतान किया जाये। जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं स्थायी कर्मचारी अपनी प्रमुख मांगों को मनवाने लगातार संघर्षरत हैं इस हेतु वे अनेक बार महाविद्यालय प्रशासन से वार्तालाप एवं पत्राचार तथा ज्ञापन प्रेषित कर चुके है परन्तु अभी तक अपनी समस्याओं का निराकरण नहीं करवा पाये। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के बहादुर पटेल, बैजनाथ यादव, आशीष विश्वकर्मा, दिलीप साहू, सूर्यकान्त मिश्रा, जया शुक्ला, गीता झारिया, कुमोलिनी कीर्तन, मनोरमा ठाकुर, अंजना वैध आदि ने उच्च शिक्षा मंत्री से उपरोक्त मांग पर चिंतन तथा विचार-विमर्श कर उचित निर्णय शीघ्र अतिशीघ्र लेने की मांग की है।

### प्रदेश के ढाई लाख अध्यापकों के साथ शासन ने किया छलावा क्यों ?

**जबलपुर, यशभारत।** म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शिक्षक अध्यापक प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष मुकेश सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश के लगभग ढाई लाख अध्यापकों को राज्य शिक्षा सेवा केडर की विसंगतिपूर्ण सेवा शर्तो का खामयाजा भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जुलाई 2018 से अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों को स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किये जाने की घोषणा की गई थी। जिसके तहत अध्यापक संवर्ग का संविलियन कर समान पदनाम व वेतन दिया जाना था, परन्तु शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा गुमराह कर अध्यापक संवर्ग के संविलियन को जुलाई 2018 से शिक्षा विभाग के स्थान पर एक नया केडर च्वराज्य शिक्षा सेवाज में नवीन नियुक्ति प्रदान कर दी गई जिससे प्रदेश के लगभग ढाई लाख अध्यापकों को करीब 22वर्षो की सेवा शुन्य हो गई है साथ ही इन्हे उनकी पुरानी वरिष्ठता, पदोन्नति, कमोन्नति, ग्रेच्युटी परिवार पेंशन इत्यादि लाभा से भी वंचित कर दिया गया है, जबकि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार नियमित शिक्षकों के समान सभी शासकीय सेवा शर्तो के लाभ प्रदान किये जाने थे। राज्य शिक्षा सेवा की विसंगतिपूर्ण सेवा शर्तों के कारण अध्यापक संवर्ग को शिक्षा विभाग में नियुक्ति के नाम पर प्रथम नियुक्ति दिनांक से संविलियन करते हुए वरिष्ठता एवं अन्य लाभ से वंचित रखा गया है आई. एफ. एम.आई. एस. पोर्टल पर भी प्रथम नियुक्ति दिनांक 01 जुलाई 2018 बताई जा रही है। संघ के योगेन्द्र मिश्रा, अजय सिंह ठाकुर, मनीष चौबे, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, राकेश दुबे, मो. तारिक, धीरेन्द्र सोनी, मनीष लोहिया, गणेश उपाध्याय, राकेश पाण्डेय, मनीष शुक्ला, शुभ संदेश सिंह गौर, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनकी मंशा अनुसार अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों को शिक्षा विभाग में उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक1998 से राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्ति मान्य की जाकर अन्य सभी लाभ नियमिति शिक्षकों के समान प्रदान किये जाये।

## रैन बसेरे की व्यवस्थाओं के दावे खोखले

# आफत में मुसाफिरों और गरीबों की जान




**जबलपुर यशभारत।** शहर में बेसहारा लोगों और गरीब मुसाफिरों के लिये रैन बसेरे की व्यवस्था की गई थी. हर साल ठण्ड में रैन बसेरों की बदहाली खुलकर सामने आती है और नगर निगम के सारे दावे की खोल खुद ही खुल जाती है. गत दिनों मदनमहल में ठंड हुये एक बजुर्ग की मौत ने एक बार फिर प्रशासन और मजदूरों मुसाफिरों के लिये की जा रही व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। बताया जाता है की बजुर्ग को रैन बसेरों में जगह नहीं मिली मजबूरी में यह कड़कड़ाती ठण्ड में सड़क किनारे सोने को मजबूर था। यदि यह बसेरे व्यवस्थित रूप से संचालित होते सैंकड़ों प्रवासी श्रमिकों को आज भी कड़कड़ती ठंड में रात गुजारने के लिये मजबूर नहीं होना पड़ता है।



फिलहाल नगर निगम के शहर में 14 रैन बसेरे हैं। बावजूद इसके गरीबों और मजदूरों को वहां रुकने नहीं दिया जाता। एक दो रैन बसेरों को यदि छोड़ दिया जाए तो अधिकांश रैन बसेरों में रात 10 के बाद ताले जड़ दिये जाते हैं. वहीं रैन बसेरों के संचालकों द्वारा अतिरिक्त पैसा वसूले जाने और अपनी मर्जी के लोगों को ठौर देने की शिकायत कई बार निगम अधिकारियों से की जा चुकी है. प्रशासन इन रैन बसेरों के मेंटीनेंस पर प्रतिशत वर्ष मोटी रकम खर्च करता है. लेकिन नगर निगम प्रशासन की उदासीनता और जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यह बसेरे गरीबों के किसी काम नहीं आ रहे।

### बस स्टैण्ड रैन बसेरे की कभी भी गिर सकती है छत

बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा की छत से प्लास्टर कभी भी नीचे गिर आता पिछले साल भी यहां छत का प्लास्टर गिरने से हादसा हो चुके हैं। लेकिन जिम्मेदार दूसरी करवट लेकर सुकून नींद में डूबे हुए हैं. आज भी टूटे हुए पलंग उन हादसों के चश्मदीद गवाह हैं जब छत से गिरे प्लास्टर से लोग घायल हुए थे। लेकिन उसके बाद भी हालत जस की तस बनी हुई है. शहर के मध्य और नगर निगम मुख्यालय के समीप स्थित इस बसेरे का यह हाल है तो अंदाजा लगाया जा सकता है की शहर के दूसरे छोर पर स्थित रैन बसेरों का हाल क्या होगा।

### रात के बाद बंद हो जाता है रेलवे स्टेशन का बसेरा

शहर का रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रैन बसेरे में रात 10 बजे के बाद ताला लग दिये जाने की शिकायत आम है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों ने भी यहां ताला लटका पाया लेकिन कोई स्थाई हल अब तक नहीं निकल पाया है। देर रात यहां आने वाले मुसाफिरों को रैन बसेरे का लाभ आज भी नहीं मिल रहा है. व्यवस्थाओं के लिहाज से भी यहां पलंग जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं का भी आभाव है. वहीं रैन बसेरे के संचालक द्वारा अतिरिक्त पैसे लेकर उगाही भी की जा रही है।

### अब अधिकारी भी नहीं लेते जायजा

बीते साल ठण्ड के दिनों में तत्कालीन कलेक्टर रातों में स्वयं शहर की सड़कों पर निकल कर रैन बसेरों की व्यवस्थाएं जांच रहे थे. वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं सड़क पर सोने वाले श्रमिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें रैन बसेरे पहुंचाया. जिसके बाद रैन बसेरों की हालत में सुधार आया था.। प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीन के चलते इस बार फिर रैन बसेरे अव्यवस्थित नजर आ हैं. श्रमिक मजबूर सड़कों पर सोते हादसों और बीमारियों का शिकार होते नजर आ रहे हैं।

# पत्नी के साथ लात-घूसों से मारपीट करने पर 6 माह की कैद



**जबलपुर यशभारत।** प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने घरेलू हिंसा के मामलें में चार आरोपियों को दोषी पाते हुए 6-6 माह के कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक हनुमानताल थाना अतंर्गत भानतलैया निवासी 1 महिला के साथ उसके पति अशोक सोनकर और अन्य परिजनों ने पहले तो शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी उसके बाद उसके साथ मारपीट की। पति ने पकड़ा और परिजनों ने ठूंसा मारा। बीच बचाव करने आई बेटियां नेहा और कामिनी के साथ अभियुक्त ने मारपीट की। इसके बाद महिला ने अपनी बेटियों और भाई के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामलें में आरोपियों अशोक सोनकर मदन सोनकर अंकित सोनकर और ऊषा सोनकर के खिलाफ धारा 498ए 294 323/34 324/34 325 506 भाग-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री रानी जैन द्वारा दिए गए तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपियों को दोषी पाया और उक्त सभी आरोपियों को 6-6 माह के सश्रम कारावास एवं 1-1 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया हैं।

# बजरंगबली मंदिर के बाहर वृद्ध की मौत



### मंदिर के पास बैठकर मांगता था भीख

गरीब नवाज कमेटी इनायत अली ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों से जानकारी प्राप्त हुई कि वृद्धा का कोई नहीं था और वह रोजाना मंदिर के बाहर बैठकर भीख मांगता था। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि बुजुर्ग का कोई नहीं था उससे कई बार पूछा भी लेकिन उसने खुद को हमेशा अकेला बताया।

### गरीब नवाज कमेटी ने किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी स्थित बजरंगबली मंदिर के बाहर बैठे एक वृद्ध की मौत हो गई। काफी देर तक वृद्ध का शव पड़ा रहा तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने गरीब नवाज कमेटी को दी। गरीब नवाज कमेटी द्वारा पहले वृद्ध को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कमेटी के सदस्य इनायत अली, रियाज अली, दीपक निगम, आबिद बाबा, मो करीम, मो नदीम आदि ने रानीताल मुक्तिधाम में वृद्ध का अंतिम संस्कार कराया।



# बेइज्जती का बदला लेने दासता पत्नी को पीटा

### पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लिया

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली में बेज्जती का बदला लेने के लिए आरोपी ने अपनी दासती पत्नी के साथ गालीगलौच कर जमकर मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़िता रोते हुए थाने पहुंची। मुस्तैद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी पति को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय महिला निवासी चेरीताल ने बताया कि वह रवि बरसे के साथ रह रही है। रवि बरसे के साथ अपनी बेटी की ससुराल गयी थी जहॉ कहा गया कि रवि बरसे के साथ क्यों हो। रवि बरसे के साथ वापस अपने घर आ गयी थी जहां आरोपी उसके साथ गालीगलौच करने लगा। उसने मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी रवि बरसे 45 वर्ष निवासी चेरीताल को अभिरक्षा में लेते हुये विवेचना में लिया गया।

# ग्राहक परेशान अधिकारी बने अनजान

**जबलपुर यशभारत।** जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर की दूरी पर बसे पनागर तहसील मुख्यालय का उपडाकघर पिछले

### अरसे से बिना पोस्टमास्टर के चल रहा डाकघर

कई साल से बिना पोस्ट मास्टर के संचालित हो रहा है। जिसके चलते व्यवस्थाएं पूरी तरह बेपटरी हो गई हैं। पनागर तहसील मुख्यालय है इस उपडाकघर में लगभग 140 गांव के लोग उपडाकघर मे अपना लेनदेन करते है। यही नहीं डाक सेवा पाने के लिए भी आश्रित रहते हैं। उपडाकघर के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित 14 ब्रांच शाखाओं का कामकाज भी यहीं से संचालित होता है। वहीं पनागर के 15 वार्डो के लोग इसी उपडाकघर से लेनदेन





करते हैं। नगर के जागरूक लोगों का कहना है की जहां एक ओर डाकघरों को आधुनिक बनाने की तर्ज पर काम किया जा रहा है वही पनागर नगर का डाकघर बदहाल स्थिति में पुराने ढर्रे पर संचालित हो रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का आरोप है कि अनेक साल गुजर जाने के बावजूद पोस्ट मास्टर की पदस्थापना न होना डाक विभाग के अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली का जीता जागता उदाहरण है। लोगो ने बताया की इतने बड़े तहसील मुख्यालय में स्थापित उपडाकघर को एक कर्मचारी संचालित कर रहा है। जिससे लोगों को नए खाता खुलवाने स्पीड पोस्ट व डाकघर से आश्रित कामकाज कराने में परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रीय जनों ने इस समस्या का निराकरण करने डाकघर में जल्द से जल्द पोस्टमास्टर को पदस्थ करने की वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है।

# मेडिकल सीएम राइज सहित 21 प्राचार्यों की गुस्ताखी

### राज्यमंत्री, प्रमुख सचिव को भेजा केंद्राध्यक्ष-परीक्षा तिथि में वाला अभ्यावेदन

**जबलपुर, यशभारत।** मेडिकल सीएम राइज प्राचार्य सहित 21 प्राचार्यों को लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दो वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी दी है। दरअसल मेडिकल सीएम राइज प्राचार्य सहित 21 प्राचार्यों ने राज्य स्कूल शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव और मंडल सचिव को एक अभ्यावेदन भेजा है जिसमें परीक्षा केंद्राध्यक्ष निर्धारण और परीक्षा तिथि परिवर्तन करने का उल्लेख किया गया है। प्राचार्यों के इस कृत्य लोक शिक्षण संचालनालय कमिश्नर ने नाराजगी दिखाई है। कमिश्नर का कहना है कि प्राचार्य पद पर रहते हुए कैसे सीधे तौर पर राज्य शिक्षा मंत्री और प्रमुख सचिव जैसे अधिकारी को अभ्यावेदन भेजा जा सकता है। लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त ने कारण बताओ नोटिस में कहा कि यह कि आपके द्वारा प्राचार्य पद पदस्थ रहते हुए दिनांक 29.10.2022 को मान. राज्यमंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल, आयुक्त लोक शिक्षण, एवं जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर को पत्र संबोधित करते हुए हाईस्कूल -हायरसेकेण्डरी परीक्षा 2023 हेतु केन्द्राध्यक्ष व्यवस्था एवं परीक्षाओं की तिथि के संबंध में सीधे अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। आपके द्वारा पदीय दायित्वों के विपरीत मान. राज्यमंत्री एवं प्रशासनिक विभाग को सीधे मनमाने ढंग से अभ्यावेदन प्रेषित किया जाना शासकीय कार्य में स्वैच्छाचारिता को दर्शित करता है। आपका उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम - 3 (प) (पप) (पपप) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-16 के अंतर्गत कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर लेख है, कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की शास्ति अधिरोपित की जाये ? आप अपना तथ्यात्मक प्रतिवाद कारण बताओ सूचना पत्र जारी होने के 15 दिवस की समयावधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। निश्चित समयावधि में प्रतिवाद प्राप्त न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही कर दण्ड अधिरोपित किया जावेगा।




# बर्खास्त बिशप पीसी सिंह मामला : ईओडब्ल्यू ने रजिस्ट्रार बीएस सोलंकी पर कसा शिकंजा



### फर्मों के रजिस्ट्रेशन की होगी जांच

**जबलपुर यशभारत।** ई.ओ.डब्ल्यू की टीम ने अब रजिस्ट्रार बी.एस सोलंकी पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जबलपुर ईओडब्ल्यू जांच कर रही है कि 2003-04 में रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्था कार्यालय में पदस्थ असिस्टेंट रजिस्ट्रार रहे बी.एस सोलंकी की ओर से कितनी फर्मों के रजिस्ट्रेशन किए गए। टीम ने फर्मों और संस्थाओं में पदस्थ पदाधिकारियों की जानकारी भी मांगी है। जबलपुर ई.ओ.डब्ल्यू की टीम असिस्टेंट रजिस्ट्रार बी.एस सोलंकी के कार्यकाल के दौरान उनके कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि बी.एस सोलंकी वर्तमान में इंदौर रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्था कार्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर पदस्थ हैं। बी.एस सोलंकी वर्ष 2003-04 में जबलपुर रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्था कार्यालय में पदस्थ थे इस दौरान बर्खास्त बिशप पी.सी सिंह और उसके करीबी सुरेश जैकब के कहने पर सोलंकी ने जबलपुर बोर्ड ऑफ एजुकेशन के नाम पर रजिस्ट्रेशन किया लेकिन आदेश में 44 साल पहले वर्ष 1959 की तारीख दर्ज की। बर्खास्त बिशप पी.सी सिंह के खिलाफ कई सारी शिकायतें ई.ओ.डब्ल्यू पहुंची, इनमें से एक शिकायत में फर्म एवं संस्था कार्यालय में फर्जी रजिस्ट्रेशन का भी जिक्र किया गया था, जिसके बाद ई.ओ.डब्ल्यू की टीम ने पत्र लिखा और जबलपुर बोर्ड ऑफ एजुकेशन के रजिस्ट्रेशन से जुड़े सभी दस्तावेज मांगे थे जिसके बाद इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। बी.एस सोलंकी को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान बी.एस सोलंकी के द्वारा की गई गड़बड़ी भी उजागर हुई है।



# हनुमानताल में दहेज की भेंट चढ़ गयी नवविवाहिता

### लाखों रुपयों की डिमांड नहीं कर सकी पूरी, अग्निदग्धा ने तोड़ा दम

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के ठक्कर ग्राम में दहेज प्रताडऩा की भेंट चढ़ी पीड़िता की मर्ग जांच के बाद पुलिस ने दहेज प्रताडऩा में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पति को अभिरक्षा में ले लिया है। पीड़िता को आग में जल जाने के बाद आनन-फानन में विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां 9 दिन तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद पीड़िता ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस द्वारा लिए गए कथनों की पुष्टी होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 19 नवम्बर को ठक्कर ग्राम निवासी पीड़िता अग्निदग्धा को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसकी उपचार के दौरान दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान मृतिका के परिजनों ने पति पर गंभीर आरोप लगाए थे। जिसके बाद पुलिस ने जांच कि तो पाया कि आरोपी पति इशरार अहमद दहेज के लिए पीड़िता को लगातार प्रताड़ित करता था। जिसके बाद उसने तंग आकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

# जिम संचालक ने 35 लाख चोरी का आरोप लगाते हुए दंपत्ति को बनाया बंधक

### दोनों की शिकायतों की जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के आदर्श नगर में रहने वाले जिम संचालक अमित भसीन ने अपने घर पर काम करने वाली एक महिला और उसके पति पर 35 लाख रुपए चोरी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें अपने घर पर बंधक बना लिया। जिम संचालक ने पति-पत्नी को धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपए नहीं दिए गए तो उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत की जाएगी। डरा सहमे परिवार ने सतना के सुरदहा गांव की पैतृक जमीन को बेचकर जिम संचालक को 15 लाख 50 हजार रुपए दिए, इसके बाद भी जिम संचालक पीड़ित परिवार की चार एकड़ जमीन को जिम संचालक ने अपने नाम करवा लिया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायतें ली है। जिनकी जांच जारी है। सतना जिले के ग्राम सुरदहा निवासी कृष्णा द्विवेदी अपनी पत्नी लक्ष्मी और बच्चे के साथ रोजगार करने कुछ माह पहले जबलपुर आए। जबलपुर आकर कृष्णा आदर्श नगर में डिस्क का काम करने लगा जबकि उसकी पत्नी को जिम संचालक अमित भसीन के यहां नौकरी मिल गई। कृष्णा और उसकी पत्नी जिम संचालक अमित भसीन के बंगले के पीछे सर्वेंट क्वार्टर में रहने लगे। अमित भसीन ने दोनों पर 35 लाख रुपए चोरी का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष से भी शिकायत दर्ज की गई है।

### इन्होंने कहा....

जिम संचालक अमित भसीन ने कृष्णा और लक्ष्मी द्विवेदी के खिलाफ चोरी की शिकायत की है तो वही जिम संचालक अमित भसीन के खिलाफ भी कृष्ण कुमार और उनकी पत्नी ने जमीन हड़पने और अभद्रता करने की शिकायत थाने में दी है। दोनों ही शिकायतों की जांच की जा रही है।

**- गोरखपुर थाना प्रभारी एस.पी.एस बघेल**

# बरेला सीएम राइज प्राचार्य के खिलाफ बैठी जांच, विज्ञान इंस्पायर अवार्ड का ओएसडी बनना मंहगा पड़ा

### जांच अधिकारी स्कूल पहुंचे गायब मिले

**जबलपुर, यशभारत ।** बरेला सीएम राइज प्राचार्य को पं. लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट विद्यालय में बीते दिनों आयोजित हुए विज्ञान इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम में ओएसडी ( ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी ) बनना मंहगा पड़ गया है। ज्वाइन डायरेक्टर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर कार्यालय ने कड़ा ऐतराज जताते हुए प्राचार्य के खिलाफ जांच बैठाई है। इसके तहत एक जांच अधिकारी शुक्रवार को बरेला सीएम राइज स्कूल पहुंचा था लेकिन प्राचार्य गायब पाए गए। जांच अधिकारी स्कूल स्टाफ को नोटिस थमाते हुए एक दिन में




जवाब प्रस्तुत करने आदेश दिए है। इधर राज्य शासन और एवं लोक शिक्षण संचालनालय के स्पष्ट निर्देश है कि सीएम राइज विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफ को किसी भी अन्य कार्य में नियुक्त नहीं किया जाना है। शासन और संचालनालय के निर्देशों की अवहेलना करते हुए सीएम राइज बरेला प्राचार्य को इसमें इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम में नियुक्त किया गया। मालूम हो कि मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के योगेंद्र दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने बरेला सीएम राइज प्राचार्य को ओएसडी बनाए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया था। इसको लेकर कलेक्टर और डीपीआई भोपाल को एक शिकायत भेजी थी। इसी आधार पर ज्वाइंट डायरेक्टर ने पूरे मामले में सहायक संचालक को जांच अधिकारी बनाकर बरेला स्कूल भेजा था।

### लैब की साफ-सफाई रखो, कभी करौंदी स्कूल घूमकर आना

राम श्रीवास्तव, सहायक संचालक संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर ने शुक्रवार को बरेला सीएम राइज स्कूल और गर्ल्स स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक संचालक ने स्कूलों की लैब में फैली गंदगी को लेकर नाराजगी दिखाई। सहायक संचालक ने दोनों स्कूल स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि लैब में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही शैक्षणिक व्यवस्था को भी सुधार जाए। सहायक संचालक करौंदी स्कूल का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार वहां जाकर स्कूल स्टाफ को विजिट करना चाहिए, वहां की व्यवस्थाओं को देखकर आप सभी ये कभी नहीं लगेगा कि वह सरकारी स्कूल है।

रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689



# मप्र मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की नई टीम का गठन

## इंदौर के डॉ.माधव हसानी अध्यक्ष, भोपाल के डॉ.रितेश तंवर महासचिव बने



**भोपाल, यशभारत।** मप्र मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव हुए। शिवपुरी के रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ. एएल शर्मा ने बतौर चुनाव अधिकारी निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराई। इसमें इंदौर के डॉ. माधव हसानी को अध्यक्ष और भोपाल के डॉ.रितेश तंवर को जनरल सेक्रटरी चुना गया। करीब चार साल बाद मप्र चिकित्सा अधिकारी संघ के चुनाव हुए हैं।

ये है एमपी मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणीडॉ.माधव हसानी (इंदौर) अध्यक्षडॉ. रितेश तंवर (भोपाल) महासचिवडॉ. शिरीष रघुवंशी (धार) उपाध्यक्ष, इंदौर संभागडॉ. एपी सिंह (रतलाम) उपाध्यक्ष, उज्जैन संभाग
डॉ. अमित मालाकार (इंदौर) संगठन सचिव
डॉ. हिमांशु जायसवार (भोपाल) कोषाध्यक्ष
डॉ. नवीन मेहर (सीहोर) संयुक्त सचिव भोपाल संभागडॉ. कमलेश अहिरवार (धार) संयुक्त सचिव इंदौर संभागडॉ. धर्मेन्द्र भदौरिया, संभागीय सचिव, भोपाल संभागडॉ.कोमल विजयवर्गीय महिला प्रतिनिधिडॉ.कल्पना भटनागर, महिला प्रतिनिधि

# मप्र में विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक उत्सव होंगे- शिवराज सिंह

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश और मणिपुर के बीच पर्यटन, सांस्कृतिक और अन्य क्षेत्रों में परस्पर आदान-प्रदान बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक उत्सव होंगे। मणिपुर सुंदर वन, जल और जन-संपदा से परिपूर्ण भारत का मुकुट मणि राज्य है।**

मध्य प्रदेश और मणिपुर में काफी साम्य भी है।यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मणिपुर के इंफाल में राजकीय उत्सव संगाई महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। एक साथ 14 स्थानों से प्रारंभ हुए इस उत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम से केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी भी जुड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाक्सिंग में मेरीकाम से लेकर अन्य खेलों के प्रतिभावान खिलाड़ी मणिपुर का माथा ऊंचा किए हुए हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज ने हिंदुस्तान की धरती पर सबसे पहले तिरंगा मणिपुर में ही फहराया था। इस नाते मणिपुर का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मणिपुर, देश ही नहीं, दुनिया के सबसे अच्छे राज्यों में से एक बन जाए, जो मणियों से भरा हो उसे हिंदी में मणिपुर कहते हैं। यह सचमुच में अद्भुत प्रदेश है। यहां के मंदिर भी अद्भुत हैं। गोविंद जी मंदिर और गोपीनाथ जी का मंदिर मणिपुर में आस्था का केंद्र हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में मणिपुर विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले दस वर्ष में मणिपुर हिंदुस्तान का सबसे बड़ा पर्यटन का केंद्र होगा। उन्होंने मणिपुर के रहवासियों को पर्यटन के लिए मध्य प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि हमारे यहां की सुंदरता भी कम नहीं है। मणिपुर के जो विद्यार्थी मध्य प्रदेश में अध्ययनरत हैं, उनकी चिंता करना मुख्यमंत्री के नाते मेरा दायित्व है। महोत्सव में मणिपुर के लोक कलाकारों सहित मध्य प्रदेश के लोक नृत्य की भी प्रस्तुति हुई।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत अद्भुत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम और विचार अद्भुत है। इससे देश में भावनात्मक एकता मजबूत हो रही है। एक राज्य दूसरे राज्य की परंपराओं, जीवन-मूल्यों और संस्कृति को समझ रहा है और राज्य परस्पर निकट आ रहे हैं।

# मध्यप्रदेश में पेंशनरों की पांच प्रतिशत महंगाई राहत को मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर की महंगाई राहत पांच प्रतिशत इसी सप्ताह बढ़ेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वित्त विभाग के प्रस्ताव को अनुमति दे दी है। इन्हें अभी 28 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है। इस वृद्धि के बाद सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे पेंशनर को 33 और छठवां वेतनमान लेने वाले पेंशनर को 201 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। प्रदेश सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनर की महंगाई राहत में 14



प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय पहले ही कर चुकी है। अगस्त में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 31 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत किया गया था, तब पेंशनर की महंगाई राहत में वृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मांगी थी, लेकिन तब से मामला अटका था। 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ ने पेंशनर की महंगाई राहत में छह प्रतिशत की वृद्धि कर अक्टूबर से लाभ देना प्रारंभ किया। प्रदेश के पेंशनर को इसका लाभ देने के लिए वित्त विभाग ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भेजा था, जिसे अनुमति मिल गई है। इसी सप्ताह महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी कर अक्टूबर से लाभ दिया जाएगा। सातवें वेतनमान में पांच और छठवें वेतनमान में 12 प्रतिशत महंगाई राहत बढ़ेगी। छठवां वेतनमान प्राप्त पेंशनर को अभी 189 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है।



# मध्यप्रदेश में 5 दिसंबर से कड़ाके की ठंड

**भोपाल,यशभारत।** हिमालय से आ रही उत्तरी हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड ठंड पड़ने लगी है। भोपाल और आसपास के इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अभी चार से पांच दिन प्रदेश भर में तापमान में इसी तरह उतार-चढ़ाव रहेगा। भोपाल में अभी तक नवंबर महीने में पिछले 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यानी नवंबर की रातें सबसे सर्द रहीं। 13 साल बाद 10 डिग्री के नीचे यानी 9.8 डिग्री तक तापमान पहुंचा है। इससे पहले 2009 में नवंबर महीने में सबसे कम रात का पारा 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 22 साल में दूसरी बार नवंबर की रातें सबसे सर्द रहीं। वहीं, प्रदेश में कड़ाके की ठंड के लिए एक सप्ताह इंतजार करना होगा। 5 दिसंबर से तेज सर्दी पड़ेगी। अभी पचमढ़ी सबसे ठंडा इलाका है। यहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास चल रहा है। ग्वालियर में रात का पारा 8.7 डिग्री पर रिकॉर्ड किया गया।मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि अभी कोई सिस्टम नहीं है। सिर्फ हवाएं उत्तरी होने के कारण प्रदेश भर में कई इलाकों में तापमान गिर रहा है।

**भोपाल में 13 साल बाद नवंबर में 10 डिग्री के नीचे आया तापमान**

हिमालय पर अभी उम्मीद के मुताबिक बर्फबारी नहीं हुई है। ऐसा ईरान से हवाएं नहीं आने के कारण हो रहा है। अब तक स्ट्रॉन्ग विंड सिस्टम नहीं बनने के कारण तापमान में ज्यादा गिरावट दर्ज नहीं की गई है। अब 5 दिसंबर से अच्छी ठंड होने की उम्मीद है। तब न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। तब रात का पारा अधिकांश इलाकों में 8 डिग्री के नीचे जा सकता है।मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर के पहले सप्ताह में से ठंड का जोर शुरू होगा। सबसे ज्यादा ठंड ग्वालियर और जबलपुर के साथ बुंदेलखंड के इलाकों में रहेगी। इसके अलावा, रायसेन और भोपाल में भी अच्छी ठंड पड़ सकती है। उज्जैन और इंदौर में हवाएं के रुख पर ठंड के तेवर निर्भर हैं। अभी इंदौर में हवाएं नार्दनली होने के कारण उतने ज्यादा तापमान नीचे नहीं आ पा रहे हैं।

# मतांतरण को लेकर हिंदू संगठनों का हंगामा

**भोपाल, यशभारत।** टीटीनगर के शिव नगर बस्ती में रविवार को मतांतरण कराने का मामला सामने आया है। इस मामले को हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा मचाया। जानकारी मिलते ही टीटीनगर से पुलिस कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ जारी है।टीटीनगर पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह थाना स्तर पर सूचना पहुंची कि शिव नगर इलाके में ईसाई धर्म के कुछ लोगों ने 12 से 13 लोगों को जमा कर रखा था। जब इसको लेकर ईसाई धर्म के लोगों से बात की तो उनका कहना था कि वह प्रार्थना करवा रहे थे, लेकिन सवाल यह है कि इस प्रार्थना में हिंदू धर्म के लोगों को शामिल क्यों किया गया था। इसकी

## पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया

जानकारी लगने पर हिंदू संगठन भी मौके पर पहुंच गए थे। इस मुद्दे को लेकर संस्कृति बचाओ मंच समेत कुछ हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा मचाया। कुछ लोगों ने प्रार्थना कराने वाले लोगों के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की, लेकिन समय रहते पुलिस ने उनको लोगों को अपने साथ थाने ले आई अन्यथा उनके साथ मारपीट हो सकती थी। इस मामले में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि भोपाल में भी एक मतांतरण का मामला निकलकर आया है। जबलपुर में एक बिशप को पकड़ा गया। दमोह में भी ऐसी घटना हुई है। बैतूल में भी इस प्रकार का लोगों ने प्रयास किया। लेकिन ऐसे लोग मध्य प्रदेश के अंदर अब नहीं बचेंगे। कोई भी मतांतरण जैसी गतिविधि चलाने का कोई प्रयास करेगा तो उसे जेल की सीखचों में जाना पड़ेगा। ऐसी घटनाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हमारी सरकार करेगी।

### इनका कहना है

कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। शिवनगर में मतांतरण का मामले की जानकारी लगी थी। साक्ष्य मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। शाम तक मामले में एफआइआर दर्ज हो सकती है।

**- चंद्रशेखर पांडे, एसीपी, टीटीनगर**

# समुद्र किनारे मिला बीना की युवती का अर्धनग्न शव,बीन ओडिशा के पुरी में हुई थी लापता

## रेप के बाद हत्या की आशंका

**भोपाल, ईएमएस।** मध्यप्रदेश की युवती का ओडिशा के जगन्नाथपुरी में समुद्र बीच पर अर्धनग्न हालत में अधजला शव मिला है। लड़की परिवार के साथ वहां घूमने गई थी। इसी दौरान अचानक लापता हो गई। तीन दिन बाद उसकी लाश मिली है। परिजनों ने रेप की आशंका जताई है। नाराज परिजनों ने रविवार को चक्काजाम कर दिया। मामला सागर जिले के बीना का है। युवती के भाई ने पूरा घटनाक्रम बताया। उसने बताया कि 19 नवंबर को मैं माता-पिता, ड़ बहन और रिश्तेदार के साथ गांव के कुछ और लोग जगन्नाथपुरी यात्रा के लिए रवाना हुए थे। 21 नवंबर को हम वहां पहुंच गए। हम सीटी रोड क्षेत्र स्थित शांति पैलेस नाम की होटल में रुके। 23 नवंबर की सुबह 5.42 बज रहे थे। कमरे की बालकनी से कपड़े नीचे गिर गए थे। बहन उसे लेने नीचे गई थी। काफी देर बाद वह नहीं लौटी तो हम लोगों ने सोचा कि चाचा के साथ मंदिर चली गई होगी।मंदिर से जब चाचा अकेले लौटे, तो हमने बहन के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वे अकेले मंदिर गए थे। इसके बाद हम लोगों ने उसकी बहुत तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। होटल के कैमरे देखें तो वह सीसीटीवी में नीचे आते तो नजर आई, लेकिन उसके बाद कहां गायब हो गई यह पता नहीं चला। उसी दिन शाम को हमने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# गुरु तेग बहादुरजी के शहीदी पर देश की खुशहाली के लिए सामूहिक अरदास हुई

**भोपाल यशभारत।** सिख समाज के नौवें गुरु गुरु तेगबहादुरजी का शहीदी पर्व रविवार को राजधानी में श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर रायसेन रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा में चल रहे अखंड पाठ का सुबह आठ बजे समापन हुआ। शहीदी पर्व पर कवि, कीर्तन, प्रवचन दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपनी श्रद्धा के फूल भेंट चढ़ाए और माथा टेका। गुरुद्वारे में सामूहिक अरदास हुई। उसमें देश की सुख, समृद्धि और सभी देशवासियों की खुशहाली की कामना की गई।आयोजन समिति के प्रवक्ता गुरुचरणसिंह अरोड़ा ने बताया कि विशाल कवि दरबार में पंथक कवि रशपाल सिंह जालंधर ने कहा धन गुरु नौवे पातशाह तेरा कोई नहीं सानी, कोम नू जिंदा कर गई तेरी धन कुर्बानी। कवि



ने प्रवचन में कहा दुनिया के इतिहास में कभी ना हुआ है ना कभी होगा। जैसा गुरुतेगबहादुर साहब के साथ हुआ। उनका अंतिम संस्कार दो स्थानों पर किया गया था। लखीशाह बंजारा ने गुरु तेगबहादुरजी के धड़ का दाह संस्कार रकाब गंज दिल्ली में किया। जहां आज गुरुद्वारा रकाब गंज सुशोभित है। भाई जैतासिंह गुरुतेगबहादुरजी का सिर लेकर श्रीआनंदपुर साहब पहुंचे। वहां गुरुजी के नौ साल के पुत्र गुरु गोविंदसिंहजी ने सिर का अंतिम संस्कार किया। कवि शुक्र गुजार सिंह दीवाना अमृतसर पंजाब ने कविता में कहा मेरे हर मसले का हल गुरु ग्रंथ साहब, वह जुगो जुगो अटल गुरु ग्रंथ साहब है। कीर्तन दरबार मैं रागी जत्था भाई अरविंदर पाल सिंह ने कहा ईश्वर की बख्शीश के बिना, भक्ति नहीं की जा सकती। जे मन की मैल साफ करनी है, तो आप को गुरु घर आना पड़ेगा। सतसंगत करनी पड़ेगी। सतसंगत में परमात्मा हमें मोह माया के बंधन मुक्त रहने का मार्ग दिखाता है। गुरुद्वारा के ज्ञानी कमलजीत सिंहजी ने समूह संगत के साथ अरदास की। इसमें देश की सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा के महामंत्री जसबीर सिंह भीमरा, गुरुद्वारा साकेत नगर के अध्यक्ष हरदीप सिंह सैनी, विक्रमजीत सिंह, सुखदेव सिंह, जसविंदर सिंह भीमरा, अवतार सिंह, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# 56 आपराधिक वारदात करने वाला जावेद चिकना गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के जहांगीराबाद पुलिस ने रविवार रात शहर के नामी बदमाश जावेद चिकना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लंबे समय से फरार था, वह दस दिन से जहांगीराबाद इलाके में बाइक चोरी की वारदातें कर रहा था। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाकर उसे दबोच लिया। उसके पास से चोरी की दो बाइक भी बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत एक लाख के करीब है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।जहांगीराबाद थाने के थाना प्रभारी शहबाज खान के मुताबिक ऐशबाग थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश जावेद चिकना लंबे समय से फरार था। उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। उसके बाद भी लगातार वारदात कर रहा था। वह पुराना बदमाश है। उस पर लूट, चोरी और मारपीट जैसे करीब 56 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जब थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ीं तो मुखबिर तंत्र को मजबूत किया। इस दौरान पुलिस को मालूम चला कि इन चोरी की वारदात में ऐशबाग का निगरानी बदमाश 38 साल का जावेद चिकना शामिल है।



## बाप-बेटे पर रेप का केस

# बेटे से निकाह कराने का कहकर पिता ने भी गलत किया

**भोपाल यशभारत।** भोपाल में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें बाप-बेटे पर रेप का केस दर्ज हुआ है। दोनों ने अलग-अलग मौकों पर एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया।24 साल की युवती ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया- बॉयफ्रेंड शादी का वादा कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा, इसके बाद ल?के के पिता ने बेटे से शादी कराने का वादा कर उससे रिलेशन बनाए। बाद में दोनों मुकर गए। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस बाप-बेटे की तलाश में छापेमारी कर रही है। निशातपुरा पुलिस के मुताबिक, पीड़िता छोला मंदिर इलाके की रहने वाली है। पुलिस को उसने बताया, वो चौक बाजार में एक कॉस्मेटिक की दुकान में 2019 से काम कर रही है। यहां आरोपी इब्राहिम उर्फ समीर भी काम करता है। साथ में काम करने के दौरान हमारी दोस्ती हो गई। कुछ दिन की बातचीत के बाद उसने मुझे प्रपोज किया, मैंने एक्सेप्ट कर लिया। दुकान के ऊपर गोदाम है। जब मैं वहां जाती, तो वो भी पीछे-पीछे आ जाता। इब्राहिम शादी का वादा कर गलत काम करता रहा।इतना ही नहीं, आरोपी मुझे अल्पना तिराहे और चेतन मार्केट के पास बने होटल में भी मिलने के बहाने बुलाने लगा। उसने वहां भी कई बार रेप किया। इसी साल जब मैंने उससे शादी के लिए कहा तो वह टालने लगा। जब दबाव बनाया तो सीधा मुकर गया।इब्राहिम की शिकायत लेकर मैं उसके पिता साजिद के पास पहुंची। साजिद ने बेटे की गलती मानकर मुझे उससे शादी कराने का भरोसा दिया। एक दिन वो (आरोपी का पिता) मुझे ईटखेड़ी इलाके में ले गया। वहां मेरे साथ गलत किया। इसके बाद फिर करोंद में बुलाकर गलत काम किया। अब यह कहकर शादी से इनकार कर दिया कि बेटा अभी शादी के लिए राजी नहीं है।

## मध्य प्रदेश के पांच सौ केंद्र बनेंगे आदर्श, स्वास्थ्य मंत्री आज करेंगे शुभारंभ

भोपाल ईएमएस । प्रदेश के उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिलाकर पांच सौ केंद्रों को आदर्श बनाया जाएगा। इसमें यहां मिलने वाली सभी तरह की सुविधाओं के लिए मापदंड तय किए जाएंगे। सभी प्रकार के दस्तावेजों को डिजिटल बनाया जाएगा। इससे मरीजों के उपचार में आसानी के साथ ही गुणवत्ता में सुधार होगा। उपचार संबंधी जानकारी डिजिटल होने से उन्हें बड़े अस्पताल में रेफर करने की स्थिति में दस्तावेज भी संबंधित अस्पताल में डिजिटल रूप में भेजे जा सकेंगे। इन केंद्रों का शुभारंभ भोपाल में सोमवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी करेंगे। इस दौरान वह स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोटोकाल (एसओपी) का विमोचन भी करेंगे। टाटा ट्रस्ट के कलेक्टिव फार इंटीग्रेटेड लाइवलीहुड इनीशिएटिव्स (सीएलआइएल) के तकनीकी सहयोग से यह काम किया जा रहा है।

# वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए कांग्रेस चलाएगी बूथ जोड़ो कार्यक्रम

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा और कांग्रेस का जोर इस बात पर है कि उसे प्राप्त होने वाले मत प्रतिशत में वृद्धि हो। भाजपा ने अपने पक्ष में दस प्रतिशत मतदान बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे प्राप्त करने के लिए विभिन्न् कार्यक्रम चला रही है। अब कांग्रेस ने भी इस दिशा में काम करने के लिए कार्यक्रम बनाया है। पार्टी के सभी सहयोगी संगठन दिसंबर से बूथ जोड़ो कार्यक्रम चलाएंगे। इसमें उन केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर पर रही थी। बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ को विधानसभा क्षेत्रवार इसकी जानकारी तैयार करने का दायित्व दिया गया है। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 40.89 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे और 114 प्रत्याशी जीते थे। वहीं, भाजपा 41.02 प्रतिशत मत



लेकर 109 सीटों पर विजयी रही थी। कांग्रेस ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक विधायकों के साथ पार्टी छोड़ने के कारण कमल नाथ सरकार अल्पमत में आ गई और सत्ता परिवर्तन हो गया। तब से ही भाजपा दस प्रतिशत मतदान अपने पक्ष में ब?ाने की दिशा में प्रयासरत है। इसके लिए बूथ सशक्तीकरण से लेकर अन्य कार्यक्रम चलाए गए। संगठन ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला पदाधिकारियों को बूथ संपर्क कार्यक्रम में लगाया। प्रत्येक मतदान केंद्र का डेटा एकत्र कर कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। पार्टी को इसका लाभ भी नगरीय निकाय चुनावों में मिला। भाजपा की तैयारी को देखते हुए कांग्रेस भी अपने पक्ष में मतदान बढ़ाने की दिशा में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस ने बूथ जोड़ो कार्यक्रम तैयार किया है। मोर्चा-प्रकोष्ठों के प्रभारी महामंत्री जेपी धनोपिया ने बताया कि बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ गठित किया गया है, जो प्रत्येक मतदान केंद्र की स्थिति को लेकर रिपोर्ट तैयार कर रहा है। इस आधार पर उन मतदान केंद्रों को चि-त किया जाएगा, जहां पार्टी प्रत्याशी लगातार हार रहे हैं या फिर पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की है।

# श्मशान को प्रदूषण मुक्त किया जाये

**पनागर, यशभारत। नगर के मुक्तिधामों की हालत बद से बद्तर होती जा रही है यदि एक श्मशान को छोड़ दिया जाये तो बाकी श्मशानों की हालत बहुत दयनीय है। गांधी वार्ड के श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग के चारों ओर इतना भयंकर कचरा फैला है कि लोग बिना रूमाल कपड़ा लगाये वहां से गुजर नहीं सकते चारों तरफ गंदगी कचरा फैला पड़ा है नगर का समस्त कचरा परिवहन कर श्मशान के आस पास फेंका जाता है और इतने वर्षों में कचरे का संग्रहण होते होते कचरे के ढेर पहाड़ों में तब्दील हो चुके हैं परंतु कचरा विनिनिष्टीकरण की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है एक ओर प्रदेश की दूसरी नगर पालिकाओं में नित नये प्रयास कचरा विनिष्टिकरण एवं प्रदूषण की रोकथाम हेतु किये जा रहे हैं परंतु पनागर नगर पालिका को इसमें कोई रूचि नहीं है।**

## मुर्दाचीर घर प्रारंभ किया जाये

श्मशान घाट के ठीक बाजू से मुर्दाचीर घर याने पोस्ट मार्टम कई वर्ष पहले बनाया गया था जो कि आज रख रखाव के अभाव में बिना प्रारंभ हुये ही गिरने की कगार पर पहुंच गया है नशेड़ची एवं असामाजिक तत्वों द्वारा श्मशान के पास व मुर्दा चीर घर में अपने असामाजिक कार्यों को अंजाम दे रहे हैं लेकिन अव्यवस्थाओं में रहना और सहते रहना पनागरवासियों की आदत में शुमार हो गया है किसी को कोई लेना-देना नहीं होता पनागर आज भी एक बहुत बड़ा गांव ही है। नगर में केवल शासकीय राशि की होली खेली जा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण बस स्टेण्ड, मुर्दाचीरघर एवं कांजी हौस भवन है जिन्हें शासकीय राशि से बना तो दिया गया लेकिन आज तक उन्हें प्रारंभ नहीं कराया गया। बात श्मशान की करें तो उसे स्वर्ग के द्वार एवं पवित्र स्थान का दर्जा हमारे पुराणों में दिया गया है परंतु श्मशान के चारों ओर बजबजा रही गंदगी, कचरा, कूड़ा देखकर साफ जाहिर होता है कि शासन प्रशासन के पास इसके जीर्णोद्धार के लिये कोई योजना नहीं है। अधिकतर



जनप्रतिनिधि भी शवयात्राओं में शामिल होकर श्मशान तक आते हैं उन्हें भी वस्तुस्थिति दिखाई देती है लेकिन श्मशान को कचरामुक्त बनाने में कोई पहल नहीं करते। भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन पनागर के नितिन गौतम, शैलेन्द्र ताम्रकार, जगदीश प्रसाद सोनी, शीतल खत्री, शान्तनु तिवारी एडवोकेट, सुनील शर्मा, भालू सेन, जयकुमार सोनी, सुनंदन सराफ, मनीष साहू, शिशिर ठाकुर, आकाश केशरवानी, विजय चौबे, सुशील कुशवाहा, राजू गुप्ता, अखिलेश बर्मन सहित सैकड़ों आमजनता ने कलेक्टर महोदय जबलपुर, सी.एम.ओ. पनागर, नगर पालिका अध्यक्ष से मांग की है कि शीघ्र ही नगर के श्मशानों के चारों तरफ गंदगी कचरा हटवाया जाये और मुर्दाचीरघर को प्रारंभ कराया जाये।

# सिविल ड्रेस में पहुंचकर पुलिस ने तस्कर को दबोचा, घर में खोल रखा था मयखाना

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल थाना अंतर्गत भानतलैया में पुलिस ने आज सोमवार को अलसुबह सिविल ड्रेस में दबिश देकर तस्कर को उसके घर से दबोच लिया। आरोपी ने घर में ही मयखाना खोल रखा था और पीने-पिलाने का सुबह से ही दौर चालू था। पुलिस की कार्रवाई के बाद पीने वाले अपने सिर में पैर रखकर नौ दो ग्यारह हो गए तो वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी को दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि भानतलैया में एक तस्कर के घर में मयखाना खुला हुआ है। यदि समय रहते दबिश दी जाए तो आरोपी मिल जाएगा। जिसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर सिविल ड्रेस में दबिश दी तो यह देखकर दंग रह गयी कि खुलेआम शराब बेंची और पिलाई जा रही थी। जिसके बाद आरोपी को दबोचकर पुलिस ने दर्जनों पाव शराब जब्त की है। आरोपी के अन्य गुर्गों की तलाश जारी है।

## छात्राओं को बांटे गर्म वस्त्र

**जबलपुर ,यशभारत।** लायंस क्लबजबलपुर मार्बल रॉक्स द्वारा भीषण शीत ऋतु को देखते हुए बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण के अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला चेरीताल की छठवीं, सातवीं,आठवीं की छात्राओं को रीजन चेयरपर्सन लायन दुष्यंत सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जोन चेयरपर्सन दीपा साहू के विशिष्ट आतिथ्य में पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर द्वय लायन टी.आर. नायक, एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष लायन अनिंद्य खरे, कोषाध्यक्ष लायन रामबाबू विश्वकर्मा ने 94 छात्राओं को स्वेटर वितरित की। इस कार्यक्रम में शाला प्राचार्य डी.के. जैन, उप प्राचार्य लायन आशा यादव लायन एल.एन. अग्रवाल, लायन राकेश कौशल,लायन आई.एस. राजपूत,शाला शिक्षिका श्रीमती ममता भट्ट, शुभा खरे, रीटा जाड़िया, स्वाति निगुड़कर, गायत्री सिंह, राजकुमारी अहिरवार शामिल रही। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ लायन प्रकाश चांडक, लायन संतोष गुप्ता, लायन दुर्गेश धूपर, लायन मनीष अग्रवाल, लायन ज्ञानेन्द्र शर्मा, लायन आशीष शुक्ला, लायन मनोज बाली,लायन कन्हैया तुलानी,लायन विवेक श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा।



## हर्ष तिवारी ने ग्रामीण कप स्पर्धा का शुभारंभ किया

**पनागर, यशभारत।** आज से पनागर नगर मौलाना अब्दुल कलाम स्टेडियम में आयोजित ग्रामीण कप टूर्नामेंट में भाजयुमो जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ में मंडल संयोजक आनंद जैन ÷मिंचू भैया÷ मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन महामंत्री शैलेंद्र साहू पार्षद मुकेश बंशकार दीपू नामदेव मीडिया प्रभारी सचिन पटेल मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप गौतम डां. सुरेश पटेल पूर्व पार्षद ओमकार दाहिया आयोजन समिति के सदस्य गण युवा साथी उपस्थित रहे।

# प्लेटफार्म पर डिस्प्लेबोर्ड ना होने से कोच ढूढ़ते परेशान हो रहे यात्री

**गोटेगांव , यशभारत।** श्रीधाम रेल्वे स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड की सुविधा उपलब्ध ना होने की वजह से यात्री कोच ढूंढने के लिए हलाकान परेशान होने की वजह से शीघ्र प्लेटफार्म पर डिस्प्ले सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग किए जाने के साथ ही प्लेटफॉर्म 3 पर सुविधा घर बंद पड़े होने की वजह से आने जाने वाले यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करने के साथ-साथ सुविधाओं के लिए यहां वहां भटकते नजर आते है क्योंकि प्लेटफार्म नंबर 3 पर बना सुविधाघर शोभा की सुपारी की तरह नजर आता है जबकि कोरोनाकाल के उपरांत चालू की गई ट्रेनों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्रियों का आना-जाना श्रीधाम रेलवे स्टेशन से होने के बावजूद भी यात्रियों की सुविधाघर के लिए रेल्वे प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था उपलब्ध ना कराए जाना बड़ी हैरानी की बात है इस संबंध में यात्रियों का कहना हैकि हम लोगों द्वारा लंबी दूरी की यात्रा के लिए रिजर्वेशन तो करा लिया जाता है परंतु प्लेटफार्म पर पहुंचने के उपरांत ट्रेन आने के समय प्लेटफॉर्म पर डिस्प्ले बोर्ड( डिब्बा क्रमांक संख्या) की व्यवस्था नहीं होने की वजह से इसके अभाव में हम लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करने के साथ-साथ आरक्षित डिब्बे तलाशने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है क्योंकि हम लोगों को कोच संबंधी जानकारी नहीं रहती हैकि ट्रेन आने के समय हमारा रिजर्वेशन वाला डिब्बा आगे या पीछे कहां पर आएगा इस बात की जानकारी जब स्टेशन मास्टर से जानने की कोशिश की जाती है तो उनके द्वारा भी संतोषजनक सही जवाब नहीं दिए जाने के कारण यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि श्रीधाम स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज केवल 2 मिनट के लिए निर्धारित है इतने कम समय में अगर यात्री प्लेटफार्म पर बीचो-बीच खड़ा होकर आरक्षण कोच का इंतजार कर रहा हो तो ऐसी स्थिति में आरक्षित कोच अगर सबसे आगे यह सबसे पीछे लगा आया हो तो यात्री सामान लगेज व बच्चों के साथ दौड़ते हुए बड़ी मुश्किल से आरक्षित डिब्बे तक पहुंच पाते है ऐसी स्थिति में अनेकोंबार यात्रियों का सामान प्लेटफार्म पर छूटने के साथ-साथ अनेकों यात्री तो ट्रेन में चढ़ ही नहीं पाते जिसकी वजह से उनकी जरूरी यात्रा अनेकोंबार रद्द होने के साथ-साथ ट्रेन में जाते समय ऐसी विषम परिस्थितियों में उत्पन्न होती हैकि अनेकोंबार यात्री गंभीर दुर्घटनाएं का शिकार होकर या तो गंभीर रूप से घायल हो जाता है या फिर असमय काल के गाल में समा जाता हैं ऐसी अनहोनी घटना को घटित होने से रोकने के लिए रेल्वे प्रशासन को यात्रियों की सुविधा के लिए डिस्प्ले उपलब्ध कराए जाना अतिआवश्यक होने के साथ-साथ प्लेटफार्म नंबर 3 पर यात्रियों की सुविधा के लिए बने हुए सुविधाघर को तत्काल सुचारूरूप से चालू किए जाना यात्रियों के लिए न्यायसंगत होगा रेल्वे विभागीय उच्चाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को यात्रियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए डिस्प्ले सुविधा उपलब्ध कराए जाने के साथ-साथ बंद पड़े सुविधाघर को चालू



कराये जाना जनहित में मील का पत्थर साबित होगा सूत्रों से पता चला है कि डिस्प्ले बोर्ड रेलवे स्टेशन श्रीधाम पर रेल विभाग द्वारा स्वीकृत हो चुका है अब बस लगने की देर है परंतु यात्रियों को और जनता को कितना और इंतजार करना पड़ेगा यह रेल में सफर कर रहे यात्रियों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है होना तो यह चाहिए है कि जब स्वीकृत हो चुका है तो डिस्प्ले बोर्ड लगने की देर ही क्या है क्या रेल विभाग के पास कर्मचारियों का टोटा बना है या फिर जानबझकर श्रीधाम रेलवे स्टेशन की उपेक्षा की जा रही है और व्यर्थ में रेल में सफर कर रहे यात्रियों को परेशान किया जा रहा है रेल विभाग शीघ्र ध्यान दें

# एक ही मद से वेतन दिया जाये और कटोतियाँ की जाएं

**जिस मद से श्वक्कप्र /NPS /ESIC कटौती की जा रही है उसी मद से स्थायी कर्मियों का वेतन हो**

**पनागर, यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि शासकीय महाविद्यालयों में वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2016 तक जितने भी दैनिक वेतन भोगी श्रमिक कार्यरत हैं उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र स्थायी कर्मी के आदेश प्रसारित कर दिया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि शासकीय महाविद्यालयों द्वारा जिन कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारी का आदेश दे दिया गया हैं उन्हें जिस मद से कर्मचारी EPS /NPS /ESIC कटौती की जा रही है उसी मद से स्थायी कर्मियों का वेतन भुगतान किया जाये। जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं स्थायी कर्मचारी अपनी प्रमुख मांगो को मनवाने लगातार संघर्षरत हैं। इस हेतु वे अनेकों बार महाविद्यालय प्रशासन से वार्तालाप एवं पत्राचार तथा ज्ञापन प्रेषित कर चुके हैं परन्तु अभी तक अपनी समस्याओं का निराकरण नहीं करवा पाये।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर,बहादुर पटेल, बैजनाथ यादव, आशीष विश्वकर्मा, दिलीप साहू, सूर्यकान्त मिश्रा, जया शुक्ला, गीता झारिया, कुमोलिनी कीर्तन, मनोरमा ठाकुर, अंजना वैध,रवि विश्वकर्मा,पूनम टोप्पो, बबीता बड़गैयां, साधना शुक्ला, सुनीता जॉर्ज, अजय लोधी, अनीता वर्मा, सुषमा श्रीवास्तव, पुष्पा शुक्ला, शारदा मंडाले, विवेक साहू, राजू परिहार, प्रशांत श्रीवास्तव, नीरज बाजपेई, अनुसुइया मेहरा, सुनीता नेमा, प्रवीण शुक्ला, चंद्रकांता सेंगर, मुकेश तिवारी, संदीप भागवत, किरण देशराज, अंजुल रजक, सुनीता कोष्ठी, अंजना श्रीवास्तव, जय श्री चौकसे, रेनू उपाध्याय, वीरेंद्र गौटिया, स्नेहलता उपाध्याय, सविता तिवारी, उपासना राय, शर्मीला नायक, रीता गुहा, लक्ष्मी मरकाम,गेंदालाल लोधी, ममता मुदगल, मनीष वर्मा, रामलता परासर, शीतल मालवीय, जागृति मालवीय, श्याम सुन्दर तिवारी, सुषमा बसेड़िया अफ़रोज़ खान,भास्कर गुप्ता, ऋषि पाठक,विश्वनाथ सिंह,चंद्रभान साहू,जी आर झारिया,राकेश मून,रवि विश्वकर्मा,मुकेश कोल,अजय श्रीपाल,सुधीर गौर,आकाश भील, विशाल सिंह,नितिन तिवारी,आदेश विश्वकर्मा,भोगीराम चौकसे,गंगाराम साहू,समर सिंह,सुरेंद परसते,प्रमोद चौबे, विष्णु झारिया,कमलेश दुबे, राशिद अली,आसाराम झारिया,धर्मेंद्र परिहार,दुर्गेश खातरकर, मदन पान्द्रो, देवसिंह भवेदी,राजेंद्र प्रधान, दशरथ मरावी,रामदयाल उइके,अमर सिंह, पवन सोयाम, रामकिशोर इपाचे, राजेश्वरी दुबे,अम्बिका हँतिमारे, ब्रजवती आर्मो, भगीरथ परसते, सरोज कोल, गीता कोल योगिता नंदवेश्वर, पूर्णिमा बेन, प्रेमवती सोयाम, अंजनी उपाध्याय, त्रिलोक सिंह, शायदा खान अर्चना भट्ट, अनुराधा नामदेव,सुमिता इंगले,डेलन सिंह आदि ने श्रीमान उच्च शिक्षा मंत्री जी से पत्राचार किया और उपरोक्त मांग पर चिंतन तथा विचार-विमर्श कर उचित निर्णय शीघ्र अतिशीघ्र लेने को कहा।

# हाईकोर्ट जज सुजय पाल व डीजे नवीन सक्सेनाने जिला बार लाइब्रेरी का जायजा लिया

**जबलपुर ,यशभारत।** हाई कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायमूर्ति सुजय पाल व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार सक्सेना संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जिला बार पहुंचे। इस दौरान जिल बार लाइब्रेरी का जायजा लिया। साथ ही जिला बार के पुस्तकालय सचिव अमित कुमार साहू से आवश्यक जानकारी अर्जित की। इसके बाद सुव्यवस्थित लाइब्रेरी को देखकर सराहा। जिला बार सचिव राजेश तिवारी ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही सायं चार बजे से प्रारंभ हुए संविधान दिवस के आयोजन की भूमिका प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य वक्ता के डी सिंह का व्याख्यान हुआ। उन्होंने संविधान की बारीकियों से अवगत कराया। इस आयोजन में जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी का मार्गदर्शन रहा। सचिव राजेश तिवारी ने संचालन किया। उपाध्यक्ष अखिलेश चौबे, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचित यतेंद्र अवस्थी, पुस्तकालय सचिव अमित कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन साहू, दामोदर पाटकर, प्रदीप परसाई बाबा, शैलेंद्र यादव, आशीष पांडे, रेणुका शुक्ला व राजू बर्मन का सहयोग रहा।



# कलचुरी समाज का परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह संपन्न

**गोटेगांव, यशभारत।** नरसिंहपुर जिले में देश की आज़ादी के बाद गोटेगांव की पावन धरा पर कलचुरी समाज का एक विशाल और ऐतिहासिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी कलार समाज के परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का आयोजन संपन्न हुआ। इसमें पूरे देश के कलचुरी कलार समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। शादी के बाद सभी जोड़ों को गृहस्थी का पूरा सामान दिया गया कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल विधायक संजय शर्मा एन पी प्रजापति





का स्वागत कलचुरी कलार समाज के पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कलचुरी समाज के पंकज चौकसे नगर अध्यक्ष राजेंद्र राय सहित हजारों की संख्या में पूरे देश से पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंत में कलचुरी समाज के जिला अध्यक्ष पंकज चौकसे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोटेगांव क्षेत्र व आसपास तथा दूर दराज से भी कलचुरी समाज के लोगों ने महिलाओं के साथ अपनी उपस्थिति प्रदान की।इस सम्मेलन में 5 नवयुगल जीवन पथ पर चलने को आतुर हुए और परिणय सूत्रों में आबद्ध हुए।इस सम्मेलन पर नगर में खुशी का माहौल देखा गया एवं जगह जगह अन्य वर्ग में भी इस सम्मेलन की प्रशंसा देखी गई इस सम्मेलन की मुख्य विशेषता यह रही कि अन्य समाज के लोग भी इस सम्मेलन को देखने के लिए पहुंचे और आयोजक एवं समस्त कलचुरी समाज जिला नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष पंकज चोकसे एवं नगर कलचुरी समाज का उत्साहवर्धन किया इसी अवसर पर इस सम्मेलन की विशेषता में चार चांद लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ पत्रकारों की भी विशेष मौजूदगी रही यह कार्यक्रम पूर्णता सफल रहा इसकी नगर में सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# प्राचीन वस्तुएं हमारी संस्कृति की धरोहर है



**मुद्राएं देश रोमांचित छात्र**

**जबलपुर, यशभारत।** सी एम राइज अधारताल में ओजस क्लब के तत्वावधान में विश्व विरासत सप्ताह के उपलक्ष्य धरोहर प्रर्दशनी का आयोजन किया। प्रर्दशनी का उद्घाटन प्राचार्य प्रकाश कुमार पालीवाल जी ने किया , जिसमें शिक्षक श्याम नारायण तिवारी द्वारा प्राचीन सिक्के एवं भारतीय विदेशी माचिस ,पांडुलिपि, संस्कृत भाषा से संबंधित डाक टिकट ,राजाओं के पत्र, काशी प्रसाद पटेल जी ने मुगल काल के ,भारतीय रियासत काल,ब्रिटिश काल के ,भारतीय स्मारक सिक्के, प्राचीन विचित्र मुद्राएं और भानु साहू द्वारा भारतीय एवं विदेशी नोट जिसमें अमेरिका का डॉलर ,यूरोप का यूरो, श्रीलंका का रुपया, हॉन्ग कॉन्ग ,मलेशिया ,चीन गुआना,सऊदी अरब,इराक ,ईरान,सहित 95 देशों के नोट का प्रर्दशन किया। प्राचार्य प्रकाश कुमार पालीवाल बताया प्रर्दशनी लगाने उद्देश्य भारत की भावी पीढ़ी को भारत की प्राचीन संस्कृतिक धरोहर से परिचित कराना है। संस्था की उप प्राचार्य श्रीमती अन्विता सिंह ने प्राचीन वस्तुएं भारतीय संस्कृति की धरोहर है। प्रर्दशनी में ओजस प्रभारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ,मुकेश सिंह, अरुण जैन, श्रृद्धा अग्रवाल,प्रिति पटेल, रिषि रघुवंशी, गिरीश कांत मिश्रा,अनुपमा उपाध्याय, सीमा चौधरी,प्रतिभा श्रीवास्तव ,प्रतिभा उपाध्याय, प्रतिभा दुबे,अनिता विश्वकर्मा,नीरज दुबे, कैन्हया यादव,दीपक सिंह, उपस्थित थे।

# भयंकर अतिक्रमण की चपेट में पनागर



**पनागर ।** पनागर नगर भयंकर अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है, मुख्य बाजार बस स्टेण्ड कमानिया गेट फुहारा चौक सभी जगह दुकानदारों ने अपनी दुकानों को कई फुट तक बढ़ाकर अतिक्रमण कर लिया है जिससे राहगीरों को निकलने में परेशानी होती है और वाहनों की रेलमपेल के कारण अकाल मृत्यु होने की परिस्थिति निर्मित हो जाती है, नगर पालिका के पार्षद केवल शोपीस बनकर रह गये हैं, जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण एवं नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी सब कुछ देखते हुये भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं जिनकी नगर के अतिक्रमण हटाये जाने में कोई रूचि नहीं। गौरतलब है कि नगर पालिका अपने कचरा वाहन में प्रतिदिन अतिक्रमण हटाने की मुनादी करता है लेकिन खुद कभी भी अतिक्रमण हटाने आगे नहीं आता जिसका परिणाम आम जनता एवं राहगीरों को भोगना पड़ रहा है। चाहे एम्बुलेंस हो या यात्री वाहन सभी रोड में अतिक्रमण के कारण जाम में फंस जाते हैं और अप्रिय घटना एवं दुर्घटना हो जाती है अब शासन प्रशासन अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से अतिक्रमणों को हटवा सकती है क्योंकि आगामी विधानसभा चुनाव में अतिक्रमण हटाये जाने का मुद्दा जोरों से घूम सकता है जो कि जनता के लिये एक अच्छी पहल होगी। पनागर नगर की मेन रोड से लेकर गली कूचों तक भयंकर अतिक्रमण जम चुके हैं इनकी रोकथाम होना बेहद जरूरी है और नगर पालिका प्रशासन जिला प्रशासन से मिलकर अतिक्रमण हटाओ मुहिम को प्रारंभ कर सकती है जिसमें जनता स्वयं अपना योगदान देगी बशर्ते कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ हो जाये। भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन पनागर के शैलेन्द्र ताम्रकार, जगदीश प्रसाद सोनी, शीतल खत्री, नितिन गौतम, शान्तनु तिवारी एडवोकेट, सुनील शर्मा, स्वप्लिन सराफ, राम गुप्ता, शिशिर ठाकुर, आकाश केशरवानी, मयंक खम्परिया, भालू सेन, अखिलेश बर्मन, जयकुमार सोनी, सुनंदन सराफ, मनीष साहू, विजय चौबे, सुशील कुशवाहा, राजू गुप्ता सहित तमाम नागरिक पनागर नगर में फैले भयंकर अतिक्रमणों को शीघ्र हटवाने की मांग प्रशासन से करते हैं।

## मझौली में रुकवाया बाल विवाह

**जबलपुर, यशभारत** एकीकृत बाल विकास परियोजना मझौली अंतर्गत आज रविवार को बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीष सेठ के निर्देश पर परियोजना अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की। जांच में पाया गया कि मझौली नगर परिषद के वार्ड नम्बर 8 निवासी बालिका विवाह कराया जा रहा है जिसकी वर्तमान में आयु 18 वर्ष की नहीं है। दस्तावेजों के अनुसार उसका जन्म दिसम्बर 2006 का है। इस मौके पर बाल विवाह के दुष्परिणामों से परिवार को अवगत कराया गया। साथ ही बाल विवाह करने पर 1 लाख रुपये जुर्माना एवं 2 साल की जेल की कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। मौके पर परियोजना अधिकारी श्रीमती राखी सैयाम, थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा, पर्यवेक्षक पार्वती लोधी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम ग्रोवर उपस्थित थीं।

# आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**जबलपुर, यशभारत।** समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय संचालक डा. संजय मिश्रा से मुलाकात की। डाली वंशकार के नेतृत्व में पहुंची आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रोत्साहन राशि का भुगतान हर माह की पांच तारीख तक कर दिया जाए। राज्य स्तर से बजट न मिलने के कारण आशा कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन कार्यक्रम का भी पैसा नहीं मिला है। जिसके लिए शहरी क्षेत्र में आशा कार्यक्रम का संचालन करने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। आशा कार्यकर्ता डाली ने कहा कि प्रोत्साहन राशि अक्टूबर माह से अप्राप्त है। इसलिए आगामी पांच तारीख तक अक्टूबर व नवंबर माह की प्रोत्साहन राशि जारी कर दी जाए। डा. मिश्रा ने आश्वासन दिया कि पांच तारीख तक प्रोत्साहन राशि जारी कर दी जाएगी। राज्य स्तर से बजट मिलते ही आशा कार्यकर्ताओं को अन्य गतिविधियों की प्रोत्साहन राशि भी आवंटित कर दी जाएगी। डा. मिश्रा ने कहा कि शहरी क्षेत्र में आशा डायरी, आशा यूनिफार्म की मांग को जल्द पूरा किया जाएगा। डायरी व यूनिफार्म की राशि कार्यकर्ताओं के बैंक खाते में भेज दी जाएगी।

# आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाये

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संगठन ने मांग की है किआँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाये। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का पद मानदेय सेवी है। उनकी गणना सरकारी कर्मचारियों में नहीं होती है अतएव उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाया जाना चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दूसरे कार्य में लगाए जाने से कुपोषण अभियान का कामकाज प्रभावित होता है और तो और इन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को चुनावी कार्य में लगाए जाने और काम ले लिए जाने के बाद इनको चुनावी कार्य का मानदेय भी नहीं दिया जाता है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर,ब्रजवती आर्मो,राजेश्वरी दुबे,अर्चना भट्ट,सुमिता इंगले, प्रेमवती सोयाम,अम्बिका हँतिमारे,रेनू बुनकर,जागृति मालवीय,भागीरथ परसते, पूर्णिमा बेन,पुष्पा रघुवंशी,योगिता नंदेश्वर गीता कोल,शांति टेकाम,जया शुक्ला, गीता झारिया, कुमोलिनी कीर्तन, मनोरमा ठाकुर, पूनम शोभा टोप्पो, , समर सिंह लोधी, देवसिंह भवेदी, राजेंद्र प्रधान,भास्कर गुप्ता, ऋषि पाठक, आकाश भील,विश्वनाथ सिंह,भोगीराम चौकसे, गंगाराम साहू, चंद्रभान साहू, दुर्गेश खातरकर,राकेश मून, अजब सिंह, डेलन सिंह, इमरत सेन,राशिद अली,धर्मेंद्र परिहार, नितिन तिवारी, आलोक शर्मा, आदेश विश्वकर्मा, कमलेश दुबे, विशाल सिंह, आसाराम झारिया,,रश्मि सोनी, सपना रजक, रंजना सूर्यवंशी, ज्योति दीक्षित,आदि ने उपरोक्त विषय पर महिला बाल विकास विभाग से पत्राचार किया।

## पश्चिम क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता

# मेजबान रादुविवि का विजय अभियान जारी

**जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विश्वविद्यालय खेल ग्राउंड और श्रीजानकीरमण कला एवं वणिज्य महाविद्यालय के खेल परिसर में में खेली जा रही पश्चिम क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभागी टीमे शानदार खेल दिखा रहीं हैं। शारीरिक शिक्षण विभाग खेल परिसर में आज नाकआउट मुकाबले में मेजबान जबलपुर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालयने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए व्हीजीयू जयपुर विश्वविद्यालय को 59-21 अंकों से करारी शिकस्त देते हुए नाकआउट चक्रकी ओर कदम बढ़ाए।**

इसके पूर्व प्रतियोगिता रादुविवि जबलपुर और आरजी पीजी भोपाल के मध्य हुए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान रादुविवि जबलपुर की टीम ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए 45-21 से शानदार जीत हासिल की। तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ.आलोक चंसोरिया, विशिष्ट अतिथि मप्र फुटबॉल संघ सचिव श्री अमित रंजन देव मौजूद रहे। मैच पूर्व आमंत्रित अतिथियों का परिचय दोनों टीम के खिलाडियों से आयोजन सचिव व रादुविवि शाशिवि निदेशक प्रो.विशाल बन्ने के द्वारा कराया गया। मंच संचालन डॉ. सुनील लखेरा ने किया गया। रविवार को आंमत्रित अतिथियों की उपस्थिति में व्हीएनएस सूरत विश्वविद्यालय विरुद्ध औरंगाबाद विश्वविद्यालय के बीच मैच खेला गया जिसमें औरंगाबाद 62-29 के स्कोर पर विजयी रही। रादुविवि में प्रतियोगिता के दौरान डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. सचिन, डॉ.आशीष, श्री सुर्दशन सिंह, डॉ. नेहा, डॉ. शालनी यादव, डॉ रचना विश्वकर्मा, डॉ. प्रसन्नजीत चटर्जी, डॉ. पिन्ट दास, प्रशांत यादव, प्रवीण पांडे, सुशील शर्मा, डॉ कन्हैया राठौर का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

श्रीजानकीरमण कला एवं वणिज्य महाविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित हो रही पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्व विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता के (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता के तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ संतोष सिंह राजपूत, जिला खेल अधिकारी एवं संतोष तिवारी वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी रहे। द्वितीय सत्र का शुभारम्भ ज्योतिष एवं शारदा पीठ के शंकराचार्य द्वय के निज सचिव ब्रह्मचारी सुबुध्दानंदजी महाराज एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य निखिल देशकर ने किया। सारस्वत अतिथि के रूप में विशाल बन्ने, आयोजन सचिव, पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय





विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता, उपस्थित रहे । प्रतियोगिता का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा श्री हनुमान के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दिया गया। इसके पश्चात समस्तर अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. शक्ति सिंह मण्डलोई, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन, यू. एस.दुबे, सुरेश मिश्र, आशुतोष दीक्षित एवं मनोज सेन ने किया । पूल सी में बी.यू भोपाल ने जोधपुर को 01 से , अजमेर ने उदयपुर को 16 अंको से, उदयपुर ने जलगांव को 10 अंको से, डी.ए.वी.वी. इंदौर ने भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर को 11 अंको से, कोल्हायपुर ने सोलापुर को 23 पाईट से, पारूल युनिवर्सिटी बडौदरा ने एस.एस.जे. झुंझनु को 10 अंको से, एस.पी.यू. पुणे ने नागपुर यूनिवर्सिटी को 20 अंको से, मुम्बेई ने जयपुर को 01 अंको से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश लिया। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा ने किया। मैचों के संचालन में क्रीड़ाधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला,डॉ. कमलेश दुबे, डॉ.हरीश दुबे, डॉ. अवधेश दुबे, डॉ. जुगल किशोर मेवारी, डॉ. विजेन्द्र यादव, डॉ. विशाल यादव, डॉ. विवेक चौबे, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अल्का तिवारी, डॉ. रोहिला पिल्ले एवं डॉ. दीपेंद्र यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक जे.सी शर्मा, प्रकाश यादव शानू, पतिराज सिंह बघेल, पुष्पेंद्र पांडे, सुनील ठाकुर अशोक पांडे, रविंद्र पांडे, जयेश परिहार, गुलबहार खान, बृजेश बावरा, पुष्पा रघुवंशी एवं परमूलाल यादव रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनामिका सिंह, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, श्रीमती राधा झारिया, मीनाक्षी लोधी, मुकेश श्रीवास्तव, चंद्रकुमार चौबे ,मनोज चौरसिया, हेमंत सोंधिया, काजल मानेक, डेनियल पटेल, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार के साथ बडी संख्याो में छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

## नगर में राज्य जूनियर जूडो स्पर्धा 2 से 4 दिसंबर तक

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन द्वारा जबलपुर को राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है यह प्रतियोगिता 2 दिसंबर से 4 दिसंबर तक लिटिल चेंप सीनियर सेकेंडरी स्कूल खजरी बाईपास में आयोजित की जा रही है। जिला जुडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता एवं सचिव एवं कोच आबिद हुसैन खान ने बताया यह प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के विभिन्न वजन समूह में आयोजित की जा रही है। श्री खान ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी आगामी 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक रांची झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूडो चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करेंगे, इस स्पर्धा में 2002 से लेकर 2007 तक जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता पूर्णता है भारतीय जूडो महासंघ के तकनीकी निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएगी।



# अर्जेंटीना को हराने का इनाम!

## सऊदी अरब के खिलाड़ियों को मिलेगी 11 करोड़ की लग्जरी कार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कतर के लुसैल स्टेडियम में दो बार के फीफा विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना को हराकर दुनिया को दंग करने वाले सऊदी अरब फुटबॉल टीम के लिए प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने शाही खजाना खोल दिया है। वह विनिंग टीम के हर खिलाड़ी को RM million Rolls Royce Phantom कार देंगे, जिसकी कीमत भारत में 11-12 करोड़ है। फीफा वर्ल्ड कप 2022 में सऊदी ने हर किसी को हैरान करते हुए लियोनेल मेसी की टीम अर्जेंटीना को 2-1 से हराया था। अर्जेंटीना की हार को विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा उलटफेर बताया जा रहा है। हार के बाद लियोनेल मेसी को मुंह छिपाते हुए देखा गया था। विश्व रैंकिंग में अर्जेंटीना के आगे सऊदी अरब कहीं नहीं टिकता। दिग्गजों का मानना था कि दिग्गज लियोनेल मेसी के नेतृत्व में अर्जेंटीना विपक्षी सऊदी अरब को एकतरफा हरा देगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अर्जेंटीना 3 साल से अजेय थी और 2022 टूर्नामेंट जीतने के लिए पसंदीदा टीमों में शामिल है। सऊदी की इस जीत से फैंस का उत्साह 7वें आसमान पर है, जबकि शानदार जीत के बाद सऊदी अरब के प्रत्येक खिलाड़ी को देश के शाही परिवार की ओर से एक रोल्स रॉयस भेंट की जाएगी। कतर से लौटने पर प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद प्रत्येक खिलाड़ी को RM6 मिलियन रोल्स रॉयस फैंटम भेंट करेंगे। अविश्वसनीय जीत के बाद हैरान सऊदी में शानदार पार्टियों का दौर है। रियाद में चलती ऑटोमोबाइल की खिड़कियों से अपने देश का झंडा लहराया, जिसमें एक तलवार का डिजाइन शामिल था। अरब न्यूज के अनुसार, प्रिंस की ओर से एक सुझाव के बाद राजा ने भी देश में एक दिन उत्सव के तौर पर छुट्टी की घोषणा की थी। रिपोर्ट में सऊदी प्रेस एजेंसी के हवाले से कहा गया है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के सभी कर्मचारियों और छात्रों को छुट्टी दी जाएगी।



# क्रोएशिया को सपोर्ट करने पहुंचीं सबसे हॉट फैन, हरकतों के चलते जाना पड़ सकता है जेल

कतर, एजेंसी। पूर्व मिस क्रोएशिया इवाना नॉल फीफा वर्ल्ड कप में अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंच चुकीं हैं, लेकिन इस्लामिक देश कतर में इस बार का विश्व कप कई पाबंदियों के साथ हो रहा है, जिसके नियमों की धज्जियां उड़ाना उन्हें महंगा भी पड़ सकता है। छोटे कपड़े पहनकर इवाना दोहा में इधर-उधर घूम रहीं हैं। सोशल मीडिया पर फोटोज अपलोड कर रहीं हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी बिंदास फोटोज पोस्ट करने के लिए इन्हें इस विश्व कप का सबसे सेक्सी प्रशंसक भी कहा जा रहा है। पानी के सामने छोटे कपड़ों में क्लिक की गई तस्वीरें इवाना को जेल भी पहुंचा सकती है।

### खास ड्रेस में सपोर्ट

इवाना नॉल मोरक्को के खिलाफ मैच में अपनी टीम की स्पेशल ड्रेस पहनकर आई थीं।

### इवाना के लाखों दीवाने

इवाना नॉल मॉडल, इंस्टाग्राम, टिकटॉक स्टार और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 5,78,000 से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

### करोड़ों की मालकिन

इवांका ने निजी हाई स्कूल में पढ़ाई की और उसके पास विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं है। बावजूद इसके महंगी कारें, एक बड़ी हवेली की मालकिन हैं।

### उम्र 30 साल

30 साल की इवाना नॉल 16 सितंबर 1992 को फ्रैंकफर्ट जर्मनी में पैदा हुई थी।

### ब्यूटी क्वीन

2016 में इवाना ने मिस क्रोएशिया के ब्यूटी पेजेंट में भी हिस्सा लिया था, लेकिन जीत नहीं पाई थीं।

# अरिजीत सिंह के कॉन्सर्ट में 16 लाख की टिकट, तगड़े फैंस भी बोले- प्यार है लेकिन ये ना हो पाएगा



**मुंबई ,ईएमएस।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर अरिजीत सिंह ने अपनी शुरुआत से ही लाखों दिल जीत लिए हैं और संगीत में सबसे बड़े नामों में से एक बन गए हैं। वास्तव में, एक हिट फिल्म के लिए अरिजीत सिंह का गाना न होना लगभग असंभव है। इस वक्त अरिजीत सिंह का जो क्रेज है उसके बारे में क्या ही कहें। बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी उन्हें जानते हैं और उनके गानों को पसंद करते हैं। यही नहीं अरिजीत के कॉन्सर्ट में भारी भीड़ होती है। फैंस से प्यार बटोरने के अलावा, हिटमेकर ने अपने दिल को छू लेने वाले गानों से भी कमाई की है। सिर्फ फिल्में ही नहीं, अरिजीत को दुनिया भर में अपने लाइव गिग्स का भी हिस्सा मिलता है। सिंगर ने 2019 फोर्ब्स इंडिया सेलिब्रिटी 100 लिस्ट में भी जगह बनाई है। अरिजीत का कुछ ही दिनों में होनेवाला कॉन्सर्ट भी सुर्खियों में बना हुआ है।

### अरिजीत के शो में 16 लाख की टिकट

अरिजीत सिंह की लोकप्रियता के विशाल पैमाने को देखते हुए उनके शो और म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन करने वालों के लिए ज्यादा कीमत पर टिकट बेचना आसान है। हालांकि, उनके आनेवाले पुणे कॉन्सर्ट की टिकट की कीमत 16 लाख रुपये तक जा रही है, जिसने सबसे बड़े फैंस को भी चकित कर दिया है।

### अगले साल पुणे में कॉन्सर्ट

अरिजीत सिंह अगले साल जनवरी में पुणे के द मिल्स में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में परफॉर्म करेंगे। स्टैंडिंग एरिया की कीमत 999 रुपये से शुरू होती है और एरिना में प्रीमियम लाउंज के लिए 16 लाख रुपये तक जा रही है। एक ट्विटर यूजर के अनुसार प्रीमियम लाउंज 1, जिसकी कीमत 16 लाख रुपये हैं। इसमें अनलिमिटेड खाना ( 3 शाकाहारी, 3 नॉन-वेज स्टार्टर्स, 2 वेज, 2 नॉन-वेज मेन कोर्स और 1 इंटरनेशनल मिठाई ) के साथ 40 लोग। इसके साथ शराब और बियर भी मिलेगी।

### मिले हैं कई अवॉर्ड्स

अरिजीत एक नेशनल अवॉर्ड और 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के विनर हैं। उन्हें अक्सर भारतीय संगीत इंडस्ट्री में हर समय के बेस्ट सिंगर्स में से एक के रूप में माना जाता है और उन्होंने पूरे साउथ एशिया में खासकर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल में एक बड़ा फैनबेस बनाया है। उन्हें च्प्लेबैक सिंगिंग के बादशाहज्ज के रूप में भी जाना जाता है।

### 2013 में शुरुआत

उन्होंने अपना करियर तब शुरू किया, जब उन्होंने 2005 में रियलिटी शो च्फेम गुरुकुलज्में भाग लिया, लेकिन 2013 में उनके गाने च्तुम ही होज और च्चाहूं मैं या नाज्की रिलीज़ के बाद उन्हें भयंकर पहचान मिली।

# करण जौहर की पार्टी के बाद लड़खड़ाई सीमा सचदेव

**यूजर्स बोले- मुझे पीने का शौक नहीं, गम भुलाने को**

**मुंबर्द, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सचदेव अब घर-घर में जानी जाती हैं। उन्होंने करण जौहर के पॉप्युलर शो च्फैब्युलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्सज्से अपनी अलग पहचान बनाई। इसमें हालांकि उनके अलावा माहीप कपूर, भावना पांडे और नीलम कोठारी भी नजर आई हैं। खैर। मुद्दे पर आते हैं। अब करण जौहर ने 25 नवंबर को एक पार्टी थ्रो की, जिसमें भी वह नजर आई लेकिन बाद में ये ट्रोल हो गईं। दरअसल, सीमा सचदेव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्हें शुक्रवार की रात पपाराजी ने स्पॉट किया था। लेपर्ड प्रिंट आउटफिट में वह काफी कमाल की लग रही थीं। अब इसी दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसकी वजह से उनकी चर्चा होने लगी। हुआ यूं कि जब वह पार्टी से बाहर आईं तो वो एक जगह से दूसरे जगह पोज देने में लड़खड़ा गईं। इतना ही नहीं, सम्भलने के लिए वह दीवार का सहारा भी लेती हैं। इसके बाद फोन पर बात करती हैं। पपाराजी से वह कहती भी हैं- हैलो, मैं अच्छी हूं। अब इसी वाकये पर लोगों ने ट्रोल करना शुरू कर दिया।

# छोटी बच्ची जैसे पापा जैकी श्रॉफ का हाथ थामे नजर आईं बेटी कृष्णा



**मुंबई,ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अक्सर खबरों में छाए रहते हैं। लेकिन कई बार उनकी फैमिली भी लाइमलाइट बटोर ही लेती है। उनकी बहन कृष्णा श्रॉफ वैसे तो दिशा पाटनी के साथ स्पॉट होती हैं लेकिन इस बार वह दिग्गज सुपरस्टार और पापा जैकी श्रॉफ के साथ नजर आईं। दोनों के साथ का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। लोग खूब वाहवाही भी कर रहे हैं। दरअसल, जैकी श्रॉफ अपनी बेटी के साथ किसी इवेंट में पहुंचे थे। वहां ये दोनों काफी अलग अंदाज में दिखाई दिए। जैकी श्रॉफ ने जहां ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना था। वहीं बेटी ने भी स्टाइलिश लुक कैरी किया था। पपाराजी ने इन्हें बाहों में बाहें डाले स्पॉट किया। दोनों ने मीडिया को बखूबी पोज भी किया और अब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। जैकी श्रॉफ और कृष्णा श्रॉफ के इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने कमेंटबाजी शुरू कर दी। मोहल्ले की चाचियों की तरह पंचायत बिठा ली। एक ने लिखा- सुपरस्टार भीडू, अपना भीडू, जग्गू दादा और किशू। दूसरे ने लिखा- टाइगर श्रॉफ मिनी स्कर्ट में। तीसरे ने लिखा- जैकी दादा की पतलून। चौथे ने कहा- जैकी ने पूरे कपड़े पहने लेकिन लड़की को नहीं पहनाया।

### हद ग्लैमरस हैं कृष्णा श्रॉफ

बता दें कि जैकी श्रॉफ की बेटी रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस हैं। उनके सामने बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस फीकी पड़ जाती हैं। हालांकि उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बनाई हुई है लेकिन सभी उनके बारे में जानते हैं। उनके रंग-रूप से वाकिफ हैं। सोशल मीडिया पर भी वह अपने हुस्न से पारा बढ़ा देती हैं। ऐसी-ऐसी दिलकश तस्वीरें पोस्ट करती हैं, जिसे देखते ही फैन्स आहें भरने लग जाते हैं।

# आर्थिक तंगी की वजह से ऑडिशन्स देने नहीं जा पाती थीं टीना, आज एक हफ्ते में कमा लेती हैं करोड़ों



**मुंबई, एजेंसी।** छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री टीना दत्ता इस समय बिग बॉस में नजर आ रही हैं और शालीन भनोट संग अपने रिश्ते को लेकर खूब चर्चा बटोर रही हैं। अभिनेत्री 26 नवंबर को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करती हैं, ऐसे में इस बार अभिनेत्री अपना जन्मदिन बिग बॉस के घर में ही मनाने वाली हैं। टीना दत्ता उतरन सीरियल में इच्छा के किरदार से घर-घर फेमस हुई थीं और उन्होंने कई टीवी सीरियल में अपने अभिनय से खूब नाम कमाया है। आज टीना लग्जरी लाइफ जीती हैं लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑडिशन देने मुंबई जाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। अभिनेत्री ने खुद ये किस्सा साझा किया था। 27 नवंबर 1991 में जन्मीं टीना दत्ता ने टीवी के अलावा बंगाली सिनेमा में भी खूब नाम कमाया है। टीना दत्ता ने भले ही बेहद कम उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी हो सही मायने में साल 2009 में छोटे पर्दे पर सीरियल्स से अभिनय की दुनिया में पैर जमाना शुरू किया था। हाल ही में उन्होंने बिग बॉस के घर में शिव ठाकरे से बात करते हुए अपनी करियर की जर्नी के बारे में बातें शेयर कीं। शिव ठाकरे संग बात करते हुए टीना दत्ता बताती हैं कि उनकी जिंदगी में एक समय यह आया था कि जब वह आठवीं और नौवीं क्लास में थी, तभी उन्हें एक्टिंग के कई प्रोजेक्ट्स मिल रहे थे। हालांकि उस समय उनके माता-पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह कोलकाता से फ्लाइट की टिकट बुक करवाकर उन्हें मुंबई भेज सकें, क्योंकि उस समय फ्लाइट के टिकट काफी महंगे हुआ करते थे। वह बताती हैं कि इस वजह से वह ऑडिशन देने नहीं जा पाई थीं। टीना दत्ता ने यह भी कहती हैं कि एक मध्यम वर्गीय परिवार काफी साधारण होती है और वह और उनका परिवार इंटरनेट कनेक्शन के लिए भी तरस जाता था। उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में कुछ ऑडिशन उन्होंने ईमेल के जरिए दिए थे। बात करें टीना दत्ता की नेट वर्थ की तो वह इस समय बिग बॉस की सबसे अमीर कंटेस्टेंट मानी जा रही हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो टीना दत्ता की नेट वर्थ करीब 65 करोड़ रुपये है। मौजूदा समय की बात करें तो जानकारी के मुताबिक, बिग बॉस से टीना दत्ता हर हफ्ते तकरीबन सात से आठ लाख की कमाई कर रही हैं, वहीं ब्रांड एंडोर्समेंट और सीरियल आदि से भी वह कमाई करती हैं।

# मां की पेंशन के रुपयों को लेकर विवाद, पाइप से सिर में किए दनादन वार

# बेलखेड़ा में पिता की बेटे ने की नृशंस हत्या

**जबलपुर, यशभारत। बेलखेड़ा बगीचा में आज सोमवार को सुबह करीब 8.30 बजे मां की पेंशन के रुपयों को लेकर बेटे ने विवाद करते हुए पाइप से सिर में दनादन वार कर पिता की नृशंस हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद घटना स्थल पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी बेटे को अभिरक्षा में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है।**



थाना प्रभारी सुखदेव धुर्वे ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वनाथ साहू 56 वर्ष निवासी बेलखेड़ा बगीचा पेशे से किसान था। जिसकी दो पत्नियां थी। दूसरे पत्नी एमपीईबी प्यून के पद से रिटायर्ड हो चुकी है। जो फिलहाल घर में ही रहती हैं। जिनकी पेंशन के रुपयों को लेकर आज सुबह बवाल हुआ था।

### मारपीट कर खोल दिया सिर

पुलिस ने बताया कि आज सुबह पेंशन के रुपयों को लेकर फिर विवाद हुआ। बेटा जीतेन्द्र अपनी मां से झगड़ रहा था। शोर शराबा सुनकर पिता विश्वनाथ साहू पहुंचा और बेटे जीतेन्द्र को समझाईश दी। लेकिन पिता के समझाने से आगबबूला हुए बेटे ने पास में ही पड़ा लोहे का पाईप उठाया और सिर में दनादन वार कर, पिता का सिर खोल दिया। जिसके बाद पहुंच पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बेटे ने कहा- पिता को क्यों देते हो पेंशन के रुपये

पुलिस ने बताया कि दूसरी पत्नी का बेटा जीतेन्द्र उर्फ जित्तू राय उम्र 20 वर्ष मां की पेंशन के रुपये पिता विश्वनाथ साहू को देने का विरोध करता था। उसका कहना था कि पेंशन के पूरे रुपये उसे ही मिले। इसमें पिता का कोइ हक नहीं है। जिसके बाद अक्सर मृतक पिता विश्वनाथ और बेटा जीतेन्द्र में कहासुनी होती रहती थी।

# बिहार की जेल से ही गिरोह को ऑपरेट कर रहा सुबोध

## अब तक 300 किलो सोना लूट चुके हैं मण्णपुरम बैंक डकैती के आरोपी

**जबलपुर/ कटनी, यशभारत।** मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में शनिवार की सुबह हुई डकैती की सनसनीखेज वारदात के दो आरोपी पकड़े जाने के बाद फरार 4 आरोपियों को गिर तार करने के लिए पुलिस की 12 टीमें अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना की गई हैं। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व जबलपुर जोन के एडीजी उमेश जोगा कर रहे हैं। टीम में कटनी के साथ ही मंडला, जबलपुर, डिण्डौरी एवं अनूपपुर पुलिस को शामिल किया गया है। बैंक डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद दो बदमाशों को मंडला जिले की निमास पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिर तार किए गए दोनों बदमाशों को कटनी पुलिस ने रविवार को मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक ले जाकर पूरी घटना का सीन रिक्रिएट करवाया। दोनों बदमाशों से पूछताछ के बाद पुलिस को गिरोह के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। बैंकों में डकैती और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का मुखिया सुबोध बिहार की जेल में बंद है और जेल के अंदर से ही गिरोह को ऑपरेट कर रहा है। यह भी पता चला है कि बरगवां स्थित मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात की योजना उसी ने तैयार की थी। गिरोह ने अब तक देश के अलग-अलग हिस्सो में कई संगीन वारदातों को अंजाम देते हुए बैंकों से 300 किलो सोना और लाखों रूपए की डकैती की है। इसका खुलासा रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने किया।



पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को मिले कई महत्वपूर्ण सुराग सीन रिक्रिएट करवाकर पुलिस कर रही कई एंगिल से जांच

### 15 दिन से कर रहे थे रैकी

सूत्रों ने बताया कि बैंक डकैती के आरोपी पिछले 15 दिनों से रैकी कर रहे थे। बघराजी में एक किराए का मकान लेकर आरोपियों द्वारा न केवल कटनी बल्कि आसपास के कई जिलों में जाकर वारदात को अंजाम दिए जाने की योजना बनाई जा रही थी। इन सब में बरगवां स्थित मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में वारदात को अंजाम देकर भागना आरोपियों को काफी सेफ लगा, इसके पीछे मुख्य वजह मण्णपुरम बैंक में सिक्योरिटी सिस्टम काफी कमजोर होना रहा, साथ ही बैंक हाईवे पर स्थित है और वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी आसानी से यहां से भाग सकते थे। यही कारण है कि आरोपियों ने डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक को ही चुना। सीन रिक्रएट करवाया पुलिस ने, कई बिन्दुओं पर हो रही जांच, स्थानीय व्यक्ति की मदद की भी पड़ताल बैंक डकैती के दो आरोपी पकड़े जाने के बाद अब पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है। पुलिस ने सबसे पहले पकड़े गए आरोपियों को निमास से कटनी जाकर मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक ले जाकर पूरी वारदात का सीन-रिक्रिएट करवाया। आरोपी कैसे बैंक के अंदर घुसे और पूरी वारदात को किस तरह अंजाम दिया और फिर किस तरह भागे। इस जानकारी के आधार पर फरार चार आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को यह भी बताया कि पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से ही बदमाश अलग-अलग दिशा में भागे। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि बैंक डकैती की इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में क्या किसी स्थानीय व्यक्ति ने मदद की है?

### आधा दर्जन बदमाशों ने अंजाम दी थी बैंक डकैती

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात को आधा दर्जन बदमाशों ने अंजाम दिया था। जिसमे से दो बदमाशों को मंडला जिले की निमास पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान गिर तार किया था। पकड़े गए बदमाशों में शुभम तिवारी पिता राजेश तिवारी उम्र 24 साल निवासी पटना बिहार एवं अंकुश साहू उर्फ विवेक पिता अनिल कुमार साहू उम्र 25 साल निवासी बक्सर बिहार शामिल हैं। उन्होंने अपने साथियों अखिलेश उर्फ विकास उर्फ जॉन निवासी वैशाली बिहार, अर्जुन उर्फ पीयूष उर्फ आयुष जायसवाल निवासी पटना बिहार, मिथिलेस उर्फ धर्मेन्द्र पाल निवासी बक्सर बिहार एवं अमित सिंह उर्फ विक्कू निवासी हॉजीपुर वैशाली बिहार के साथ वारदात को अंजाम दिया स्वीकार किया। निमास में दो आरोपियों के पकड़े जाने के बाद कटनी जिले से पुलिस टीम थाना निमास जिला मण्डला भेजकर पकड़े गये आरोपियों को कटनी लाकर पूछताछ की गई। आरोपियों का पुलिस रिमाण्ड लेकर पूछताछ की जा रही है एवं अन्य आरोपियों को गिर तार करने के लिए पुलिस की 12 टीमें विभिन्न स्थानों पर रवाना की जा गई हैं।

### दो बाइक, कट्टा, कारतूस एवं 20 हजार नगद बरामद

पुलिस ने बैंक डकैती की इस वारदात में बैंक कर्मचारी की लूटी गई हीरो सीडी डीलक्स मोटर साइकिल एमपी 21 एमएस 3192 एवं घटना में प्रयुक्त दो अन्य मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 21 एमजे 4674 एवं घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस, लूट की नगदी में से 10-10 हजार रूपये, घटना के समय पहने हुए कपड़े एवं जूते बरामद किए गए हैं।

### पुलिस टीम के लिए ईनाम की घोषणा की एडीजी ने

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन उमेश जोगा द्वारा 24 घंटे के अंदर दिन-दहाड़े बैंक डकैती के दुर्दांत अपराधियों की गैंग का खुलासा कर दो आरोपियों को गिर तार करने में शामिल कटनी पुलिस टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है एवं फरार आरोपियों की गिर तारी सूचना पर 30-30 हजार रूपये के ईनाम की उद्घोषाा की गई है ।

### डीजीपी को दी पूरे घटनाक्रम की जानकारी

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि शनिवार की सुबह मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात की जानकारी पुलिस महानिदेशक भोपाल सुधीर सक्सेना को भी दी गई एवं उनसे दिशा-निर्देश प्राप्त करते हुए सायबर सेल टीम, फिंगर प्रिंट टीम, डाग स्कवाड को एक्टिव किया गया। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण जानकारी एवं साक्ष्य एकत्र किए।।

# माढ़ोताल में हत्या का खुलासा

# कुकृत्य में गई 63 साल के वृद्ध की जान

## गांव के नाई- दो लड़कों से थे संबंध, मुन्ना से परेशान होकर तीनों ने की हत्या

**जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के ग्राम सूखा में 63 साल वृद्ध की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक गांव के नाई और दो लड़कों से अनैतिक संबंध बनाता था इसके लिए वह पैसे देता है। लेकिन मृतक की हरकतों से नाई और दो युवक परेशान हो गए थे। हरकतों से छुटकारा पाने के लिए तीनों ने हत्या की साजिश रची और खेत में अकेला पाकर वृद्ध को मौत के घाट उतार दिया।**

मालूम हो कि थाना माढेताल में को ग्राम सूखा में एक व्यक्ति के मृत पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को अमित पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सूखा ने बताया था कि उसके मामा मुन्ना लाल कुशवाहा उम्र 63 वर्ष आईटीआई से रिटायर्ड थे जो उसके घर पर रहते थे रोज शाम को खेत में बनी झोपडी में चले जाते थे जहॉ से दूसरे दिन सुबह वापस आ जाते थे। मामा रोजाना की तरह दिनॉक 8-11-22 की शाम 7 बजे खेत चले गये थे जो दूसरे दिन सुबह खेत से वापस नहीं आये तों वह मामा को देखने खेत जा रहा था, तभी देखा कि डॉ शंकर साहू के धान के खेत में उसके मामा मृत अवस्था में पडे थे। मृतक के शरीर पर हल्के छिलने के निशान है, कोई जाहिरा गंभीर चोट के निशान नहीं है। पुलिस ने हत्या के प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### जबरन दबाव बनाता था

घटना के दिनांक 03-00 बजे लगभग दिन में मुन्नालाल पटैल, देवेन्द्र सेन की दुकान पर बाल बनवाने गया था एवं देवेन्द्र से खेत तरफ 5-6 बजे आने का बोला था पर देवेन्द्र की जाने की इच्छा नही थी क्यूंकि देवेन्द्र मुन्नालाल से परेशान था । शाम



लगभग 06 बजे ग्राम सूखा का संतोष यादव अपनी मोटर साईकिल से देवेन्द्र सेन से पास आया बोला की मुन्नालाल के खेत में चलना है, इच्छा न होते हुए भी दोनो संतोष यादव की मोटर साईकिल में बैठकर मुन्नालाल पटैल के खेत एनसीसी के पीछे पहुचे जहां पर मुन्नालाल पलंग के पास नीचे जमीन पर अंडर वियर, बनियान में बैठा था । मुन्ना लाल, संतोष यादव के साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा । उसके बाद संतोष यादव ने मुन्ना लाल से बोला कि किसी भी व्यक्ति के सामने इस बारे में मत बोला करों इससे हमारी बेईज्जती होती है। खेत पर पहले से ही मनीष चड़ार पेड़ के पास बैठा हुआ था । मृतक मुन्ना लाल कुशवाहा ने पहले संतोष यादव के साथ बाद में देवेन्द्र सेन के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया था ।

### मुन्ना लाल को ऐसे मौत के घाट

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि मुन्ना लाल कुशवाहा शारीरिक संबंध (अप्राकृतिक कृत्य) के लिए दबाव बनाता था तथा अन्य व्यक्तियो को बता देता था जिससे स्वयं की बेईज्जती होने के कारण देवेन्द्र सेन, मनीष चड़ार व संतोष यादव के द्वारा अचानक मुन्ना लाल कुशवाहा को जान से मारने की योजना बनायी गयी, मुन्नालाल के पलंग पर लेट जाने के बाद देवेन्द्र ने मुन्नालाल के पैर बिस्तर पर ही दबा दिये, संतोष ने वहीं पडे डंडे से मुन्नालाल के दोनो जांघो पर मारा व मनीष चढार ने मुंह दबा दिया, जब मुन्नालाल की सास बंद हो गयी तब तीनो ने मिलकर पलंग से मुन्नालाल को गिराकर धान के खेत में घसीट कर ले जाकर छोड दिया, इसके बाद वहाँ से संतोष यादव अपनी मोटर साईकिल से तथा देवेन्द्र सेन व मनीष चढ़ार पैदल स्वयं के घर चले गये । घटना स्थल से सेक्स स्प्रे, सेक्स टेबलेट व तेल की शीशियाँ, घटना में प्रयुक्त डंडा भी जप्त करते हुये उपरोक्त तीनो आरोपियो को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

## धारदार हथियार घोंपकर की हत्या

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर में एक दिव्यांग अधेड़ की हत्या की गुत्थी पुलिस के लिए अबूझ पहेली बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक बहुत कम ही बोल और सुन सकता था और उसकी किसी से भी कोई बुराई नहीं थी। फिलहाल पुलिस मृतक के साथी, रिश्तेदारों के कथन दर्ज करवा रही है। साथ ही क्षेत्र के बदमाशों की भी कुंडली खंगाली जा रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि ग्राम कसही में हत्या होने की सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस को गुड्डीबाई प्रजापति 48 वर्ष निवासी ग्राम कसही थाना पनागर ने बताया कि वह मजदूरी करती है तथा उसके पति मुन्नालाल प्रजापति 55 वर्ष मड़ई रांझी में गुप्ता ट्रेडर्स में काम करते है। विगत दिवस पति मुन्नालाल रजक मजदूरी के लिये घर से निकले , ग्राम झुरझुरू पुल तक वह और पति साथ में गये वहां से वह ग्राम झुरझुरू में गौरव शर्मा की साईट में ठेकेदार वीरेन्द्र महोबिया के साथ काम करने चली गयी और उसके पति पैदल-पैदल मडई रांझी चले गये ।वह शाम को अपने साथ काम करने वालेगांव के मजदूर राहुल गोड़ के साथ बाइक में बैठकर वापस घर आ रही थी तभी देखा कि उसके पति बदहवास पड़े है और चेहरे व गले में चोट के निशान थे घर लाने पर पति के प्राण निकल चुके थे।

































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )